

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। बुधवार 09 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 362 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। बुधवार 09 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 362 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की हैट्रिक

## जम्मू-कश्मीर में जीता एनसी गठबंधन




**नई दिल्ली।** हरियाणा में हैट्रिक के साथ भाजपा ने जीत का एक और नया इतिहास रचा है। राज्य में 1972 के बाद पहली बार किसी दल ने सत्ता में लगातार तीसरी बार वापसी की है। वहीं, यह भाजपा की हरियाणा में अब तक की सबसे बड़ी जीत भी है। भाजपा ने 2014 में हरियाणा में 47 तो 2019 में 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि इस बार पार्टी ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है।

### पीडीपी को लगा सबसे बड़ा झटका

जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने बड़ी जीत दर्ज की है। राज्य की 49 सीटें गठबंधन के खाते में गई है। हालांकि, सत्ता की इस दौड़ में पीछे रहने के बाद भी भाजपा ने राज्य में 2014 के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। उसने 29 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि 2014 में उसके पास 25 सीटें ही थी। सबसे बड़ा झटका महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी को लगा है, जो सिर्फ तीन सीटें ही जीती है। 2014 में उसे 28 सीटों पर जीत मिली थी।

# नगर निगम की बोर्ड बैठक होगी निगम सभागार में आज

## मेयर और अध्यक्ष ने भाजपा पार्षदों के साथ बैठकर रणनीति ली साध

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज नगर निगम की बोर्ड बैठक है और निगम की बोर्ड बैठक को लेकर दोनों ही पक्ष तैयारियों के साथ है। निगम का सरकारी अमला अधिकारियों के साथ है और वहीं भाजपा का पार्षद दल मेयर की कप्तानी में तैयारियों के साथ। बुधवार को होने वाली बोर्ड बैठक को लेकर भाजपा ने अपने पार्षदों के साथ बैठक की और एक दिन पहले ही अपनी रणनीति को साध लिया।

इस बैठक में मेयर के साथ पार्षद भी शामिल हुए और महानगर कार्यालय पर हुई बैठक में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा भी मौजूद रहे। बताया जाता है कि इस बैठक में भाजपा के लगभग 60पार्षद मौजू थे। संगठन अध्यक्ष मौजूद थे, मेयर मौजूद रही और इस बैठक में ये रणनीति बन गई कि किस मुद्दे पर कौन बोलेगा, क्या बोलेगा। सूत्र बताते हैं कि हाउसटैक्स का मुद्दा छाया रहेगा। वैसे भी आज खुलकर हाउसटैक्स का विरोध भाजपा करेगी। कार्यकारिणी चुनाव के नतीजे आते ही मेयर ने उसी दिन एक प्रस्ताव रखकर बढ़े हाउसटैक्स के प्रस्ताव को निरस्त कराया था। उसके बाद बोर्ड बैठक नहीं हो सकी थी जो अब हो रही है। आज पूरी तरह से सत्ता पक्ष अधिकिारियों के फैसलों को लेकर मुखर रहेगा और इसमें भी हाउसटैक्स की वृद्धि डीएम सर्किल रेट वाला मुद्दा प्रमुख रहेगा।






### निगम की बैठक में दिखेगा बाई-इलेक्शन का इफैक्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को नगर निगम के नवयुग मार्केट स्थित मुख्यालय के सभागार में 11 बजे से बोर्ड बैठक आयोजित की जाएगी। बोर्ड बैठक का आयोजन लंबे समय बाद हो रहा है। बोर्ड बैठक में विभिन्न विषयों को लेकर जोरदार हंगामा और बहस के आसार हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को होने वाली बोर्ड बैठक में आगामी त्यौहारी सीजन को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के साथ आम सहमति बनाने पर जोर देखा जाएगा। खासतौर पर हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे से लेकर ट्रेड लाइसेंस, पशु लाइसेंस, मृतक कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग के जरिए पद भरने का मामला, रिटायर्ड कर्मचारियों के स्थान पर नौकरी दिए जाने का प्रावधान और शहर में लाइटिंग एवं सफाई की व्यवस्था के मुद्दे को लेकर चर्चा की जाएगी। वहीं पार्षद अपनी ओर से भी कई विषयों को रख सकते हैं। इसके साथ ही बीते दिनों फाइनल हुए इंदिरापुरम के नगर निगम को हैंडओवर के मामले का भी नगर निगम की बोर्ड बैठक मैं रिएक्शन देखने को मिलेगा।

### पार्षदों को मिलेगा बात रखने के लिए 90 सैकेंड का वक्त और पहले देनी होगी पर्ची

**करंट क्राइम।** सूत्र बताते हैं कि भाजपा दफ्तर में हुई बैठक में पार्षदों को समझा दिया गया है कि फूल वालों के रूल क्या रहेंगे। पार्षदों को यहां किन बातों को फॉलो करना है। सूत्र बताते हैं कि पार्षदों को बोलने के लिए 90 सैकेंड का समय मिलेगा। उन्हें डेढ़ मिनट में अपनी बात रखनी है। वहीं ये भी बताया गया है कि जो भी पार्षद अपनी बात रखना चाते हैं वो एक पर्ची पर अपना नाम लिखकर दे दें। पर्ची के क्रम के हिसाब से पार्षद का नाम पुकारा जाएगा। वहीं सूत्र बताते हैं कि कई भाजपा पार्षद पर्ची वाली बात पर सहमत नहीं है। उनका कहना है कि महत्वपूर्ण विषयों के हिसाब से बोलने का क्रम तय होना चाहिए। पर्ची के हिसाब से कम नंबर आएगा और कब डेढ़ मिनट में बात रखी जाएगी।

### नगर निगम की दुकानों को हो गई बेचने की तैयारी

**करंट क्राइम।** नगर निगम की 1702 दुकानों का विषय आते ही भाजपा के पार्षद खामोश रहेंगे। यहां व्यापारी किराया बढ़ोत्तरी का विरोध कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इन दुकानों को बेचने की तैयारी हो गई है। जो व्यापारी इन दुकानों में निगम के किरायेदार हैं उन्हें ही दुकानें बेचने का प्रस्ताव शासन के पास पहुंच चुका है। ये दुकानें उन्हीं व्यापारियों को बेची जाएंगी। दुकानों की कीमतें क्या होंगी इस पर अभी चर्चा नहीं की गई है, लेकिन दुकानों को बेचने की तैयारी है और निगम अपनी किरायेदारी समाप्त करने जा रहा है।

### अधिकारी नहीं हैं किसी भी टकराव के मूड में

**करंट क्राइम।** आज निगम की बोर्ड बैठक है और ये कहा जा रहा है कि दोनों ही पक्ष आएंगे तैयारियों के साथ। डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का मुद्दा मुख्य रहेगा। यहां पर मेयर पहले ही जनता से अपील कर चुकी है कि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स ना दे। वहीं निगम अधिकारी ये मुनादी करवा चुके हैं कि सभी लोग टैक्स जमा करा दें। आज जब बैठक होगी तो उसका मुख्य एजेंडा ही टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध का है। प्रस्ताव अफसरों को रखना है और भाजपा के लिये चुनौती ये है कि उसके सिर पर उपचुनाव है। आज जब निगम का सदन खचाखच भरा होगा और बैठक में नगर आयुक्त तथा मेयर एकसाथ मंच पर होंगे तब यहां अधिकारिक रूप से क्या पंच होंगे। सूत्र बताते हैं कि यहां अधिकारी किसी भी फैसले को लेकर टकराव के मूड में नहीं है। वो सदन के फैसले को शासन के पास भेज देंगे। भाजपा खेमा आवाज बुलंद करेगा क्योंकि आज सदन की ताकत का मुलाहिजा होना है और वहीं सूत्र बताते हैं कि अधिकारी किसी भी फैसले को लेकर अडिग नहीं रहेंगे वो सदन के फैसले को सर्वमाननीय मानते हुए शासन को भेज देंगे।




### हाउस टैक्स को लेकर मचेगा शोर और दुकानों के किराए पर रहेंगे मौन

**करंट क्राइम।** सूत्र बताते हैं कि भाजपा की रणनीति हाउस टैक्स के मुद्दे पर शोर वाली रहेगी और दुकानों के किराए पर मौन का सीन रहेगा। एजेंडा तय हो चुका और बैठक में सबको बता दिया गया है कि कहां सबको खामोश रहना और कहां मुखर होना है। सूत्र बताते हैं कि डीएम सर्किल रेट पर बढ़े हाउस टैक्स के मुद्दे पर पूरी भाजपा का पार्षद खेमा मुखर रहेगा। वहीं नगर निगम की 1702 दुकानों के किराए का मामला आते ही भाजपा पार्षद दल मौन साध लेगा। इस मुद्दे पर निगम के सदन में भाजपा वालों का शोर सुनाई नहीं देगा। बताया जाता है कि हाउस टैक्स को लेकर अधिकारियों से भाजपा पार्षद सवाल करेंगे और मेयर उनके साथ रहेंगी। ये मुद्दा उठेगा कि जब निगम के पूरे सदन में हाउस टैक्स में वृद्धि नहीं करने पर वीटो लगा दी थी तो फिर लोगों को बढ़े हुए हाउस टैक्स का बिल क्यों भेजा जा रहा है।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने हरियाणा चुनाव के नतीजों को बताया कांग्रेस के लिए सुखद

## कहा- टल गया कांग्रेस की फूट का संकट और गुटबाजी हो गई खत्म



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अपने विशिष्ट अंदाज के लिये जाने जाते हैं। उनके बारे में ये कहा जाता है कि वो जिसकी तारीफ कर दें तो समझों की उसका पॉलिटिकल इलाज कर रहे हैं। अतुल गर्ग का यही अंदाज मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सामने आया है। अतुल गर्ग ने हरियाणा में कांग्रेस की हार पर अपने ही अंदाज में तंज कसा और कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजे कांग्रेस के लिए सुखद रहे हैं। ये कांग्रेस के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में इससे पहले एग्जिट पोल पर ही चीफ मिनिस्टर को लेकर थ्री कॉर्नर लड़ाई शुरू हो गई थी। वहां मुख्यमंत्री कौन बनेगा इसको लेकर घमासान चल रहा था। सुबह दस बजे इस बात को लेकर कांग्रेस में झगड़ा था कि सीएम कौन बनेगा। वहां सिर फुटव्वल की नौबत आ गई थी, लेकिन यहां भाजपा जीती और फिर कांग्रेस शांत होकर एकजुट हो गई।

भाजपा की जीत से कांग्रेस में फूट का संकट टल गया। कांग्रेस के लिये खुशी की बात ये है कि भाजपा की जीत में उनके यहां पार्टी की गुटबंदी को खत्म कर दिया है। कांग्रेस फिर से एक हो गई है और वहां मुख्यमंत्री बनने की लड़ाई भी समाप्त हो गई है।

# हरियाणा चुनाव में चला मंत्री नरेंद्र कश्यप का जादू, जहां की जनसभा वहां मिली जीत

## विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी छा गये इस चुनाव में

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ओबीसी वर्ग के प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उनपर भरोसा करता है और नरेंद्र कश्यप ने इस भरोसे पर खरा उतरकर दिखाया है। वो केवल यूपी के ही नहीं बल्कि पड़ोस वाले प्रदेश हरियाणा में भी छा गये हैं। भाजपा में जिन चार जिलों में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार की ड्यूटी लगाई थी उन सभी पर भाजपा का कमल खिला है। नरेंद्र कश्यप का जादू यहां पूरी तरह चला है। भाजपा नेतृत्व ने राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप को हरियाणा के चार जिलों में लगाया था। उन्हें हरियाणा के पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और कैथल जिले में लगाया गया था। इन सभी जिलों में राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने जनसभा की और इन जनसभाओं का पूरा लाभ भाजपा को मिला। भाजपा इन सीटों पर चुनाव जीती है। पानीपत शहर से भाजपा चुनाव जीती है। महिपाल यहां से चुनाव जीते हैं। करनाल की पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा की जीत हुई है। यहां खरोंदा के हरविंदर चुनाव जीते हैं और योगेंद्र राणा चुनाव जीते हैं। कैथल में पूंडरी विधानसभा में भाजपा ने रिकॉर्ड कायम किया है। ये वो सीट है जहां भाजपा अबसे पहले कभी चुनाव नहीं जीती थी। यहां भाजपा के सतपाल चुनाव जीते हैं। यहां पर नरेंद्र कश्यप ने ओबीसी सम्मेलन का आयोजन किया था और जनसभा भी की थी। नरेंद्र कश्यप ने जहां-जहां भी ओबीसी सम्मेलन और ओबीसी चौपाल लगाई वहीं पर भाजपा के हिस्से मे जीत आई है। इन सीटों पर भाजपा की जीत के साथ ही मंत्री नरेंद्र कश्यप का कद बढ़ गया है। वो राष्ट्रीय स्तर के प्रभावशाली नेता के रूप में उभरकर सामने आए हैं।





### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जहां रखे कदम वहीं खिल गया कमल

**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को हिंदुत्व का फायरब्रांड नेता माना जाता है। उनके बयान उन्हें सुर्खियों में रखते हैं। अपने शब्द बाण से वो सियासत को गुंजायमान रखते हैं। उनके मुख से कब क्या निकलेगा इसी पर सब निगाह रखते हैं। भाजपा ने अपने इस हिंदुत्ववादी फायरब्रांड चेहरे को हरियाणा विधानसभा चुनाव में उतारा। नंदकिशोर गुर्जर का मैजिक यहां बरकरार रहा है। जहां-जहां उनके कदम पड़ें हैं वहीं-वहीं कमल खिला है। भाजपा संगठन ने हरियाणा के पलवल जिले में उनकी डयूटी लगाई थी। वो हरियाणा के होडल विधानसभा में भी प्रचार के लिये गए थे और यहां उन्होंने कई जनसभाओं को संबोधित किया। कई बस्तियों में जाकर वोट मांगे और नंदकिशोर गुर्जर के होने का असर यहां दिखाई दिया है। पलवल से भाजपा के गौरव गौतम ने चुनाव जीता है। यहां नंदकिशोर गुर्जर ने जनसभा भी कीथी यहां भाजपा उम्मीदवार 33 हजार वोटों से चुनाव जीते हैं। वहीं होडल में भी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने चुनाव प्रचार किया था और यहां भी भाजपा का कमल खिला है।

# हरियाणा की जीत उपुचनाव में बनेगी भाजपा के लिए ऑक्सीजन

**जिन वोटों को साध नहीं पाता है विपक्ष वही वोट बनते हैं कमल खिलने का रीजन**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हरियाणा के चुनाव नतीजे आए और इन नतीजों के बाद सभी एग्जिट पोल के फजीते हो गए। सारे अनुमान ध्वस्त हो गए और सरकार बनाने की तमन्ना पाले बैठी कांग्रेस को निराशा हाथ लगी। विपक्ष फेल हो गया और जो कांग्रेस सुबह नौ बजे तक सरकार बना रही थी वो कांग्रेस शाम को विपक्ष में बैठक गई और भाजपा ने सरकार बना ली। कुल मिलाकर हैड टू टेल सब कुछ फेल हो गया। अब सदन में तो जिसका बड़ा दल उसी के पास बल वाला सीन रहता है। हरियाणा की जीत यूपी में भाजपा की दस उपचुनाव वाली सीटों पर भाजपा को ऑक्सीजन देगी। उसकी वजह ये है कि उपचुनाव में मतदान का प्रतिशत बहुत धीमा रहता है। वोटर उदासीन रहता है। यूपी में कांग्रेस और सपा हाथ मिलाकर चल रहे हैं और लोकसभा चुनावों में उन्हें सफलता भी हासिल हुई है, लेकिन हरियाणा के नतीजे होने के बाद चुनावी जानकार यही कह रहे हैं कि भले ही विपक्ष गठबंधन मजबूत है लेकिन उसे हरियाणा के नतीजों से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। जिन वोटों को विपक्ष साधकर नहीं चलता है वहीं वोटर कमल के खिलने का रीजन बनती है। ये वोट जीत का माहौल बनाती है। विपक्ष में बैठे नेताओं को इन वोटों को साधना होगा। हरियाणा में अगर भाजपा हार जाती तो इसका असर गाजियाबाद में उपचुनाव में पड़ता। भाजपा चुनाव जीती है तो जाहिराना तौर पर उसे ऑक्सीजन मिली है।

जिन वोटों की बात हो रही है वो वोट ओबीसी वोट हैं, अति पिछड़ी जातियो के वोट हैं। भाजपा ने इसी एंगल पर काम किया है और यहां उसने जाट फैक्टर पर काम किया और भाजपा ने जहां कम संख्या में वोटों वाली जातियों पर अपना फोकस कर लिया। उसने इन जातियों को जब एक सुर में पिरोया तो इन जातियों ने भी फिर कमल खिला दिया। भले ही इन बिरादरियों की संख्या कम है, लेकिन ये भाजपा का वोटर बनी हैं। जिन वोटों को विपक्ष साथलेकर नहीं चलता है उन वोटों को भाजपा ने पक्ष में साधा। संगठित होकर समीकरण बनाने से दूसरे के समीकरण बिगाड़ने की भूमिका तैयार हो जाती है।

ये वो वोट हैं जो भाजपा को सपोर्ट करती है अगर ये वोट भाजपा से छिंटकता है और विपक्ष इन वोटों को साधने में कामयाब हो जाता है तो उसका जादू यहां चलेगा। उसे इसी वोट बैंक को साधना है। वहीं भाजपा तो पहले से ही इस वोट बैंक पर काम करती आई है।

# योगी सरकार की अनूठी पहल, प्रदेश की 7500 छात्राएं बनेंगी एक दिन की अधिकारी



**लखनऊ।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत परिषदीय व केजीबीवी की बेटियों को अनूठा अवसर दिया जाएगा। इन छात्राओं को ब्लॉक, तहसील, जिला और मंडल स्तर पर एक दिन का अधिकारी बनाया जाएगा। योगी सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान को बल देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश की परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की छात्राओं को प्रशासनिक कार्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए उन्हें एक दिन का अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए योगी सरकार की ओर से की गई इस महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रत्येक जिले से 100 और कुल 7500 बेटियों को एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिलेगा। इससे इनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इसकी योजना तैयार कर ली गई है।

### बनेंगी डीएम, सीडीओ, बीएसए

प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना और उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। चयनित बालिकाएं डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी। कासगंज की टॉपर भूमिका और संभल की शालू पहले ही इस योजना के तहत एक दिन की जिलाधिकारी बन चुकी हैं, जिन्होंने सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### लीडरशिप का भाव होगा जाग्रत

उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में उन बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो अपनी निपुणता के लिए जानी जाती हैं और जिनमें लीडरशिप के गुण निखर कर सामने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में सभी जाति, वर्ग और श्रेणियों की बालिकाओं को समान अवसर प्रदान किया जाएगा। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें प्रशासनिक कार्यों की जमीनी समझ देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मिशन शक्ति के माध्यम से सरकार की यह पहल उन बालिकाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो अपनी नेतृत्व क्षमताओं को पहचानना चाहती हैं और समाज में बदलाव लाने की आकांक्षा रखती हैं।

### लोगों की समस्याओं का करेंगी निस्तारण

इस योजना के तहत चुनी गई बालिकाएं एक दिन के लिए सरकारी अधिकारियों की भूमिका निभाएंगी। वे न सिर्फ लोगों की समस्याओं की सुनवाई करेंगी, बल्कि उनके निस्तारण में भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी। यह अनुभव उन्हें निर्णय लेने की क्षमता और सामर्थ्य को निखारने में मदद करेगा, जो उनके भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।

### शालू और भूमिका बन चुकी हैं एक दिन की डीएम

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद संभल जिले के बहजोई स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा शालू और कासगंज जिले की टॉपर छात्रा कुमारी भूमिका को एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से जिलाधिकारी बनाया जा चुका है। इस दौरान शालू ने मिशन शक्ति की बैठक का सफलतापूर्वक संचालन किया, अधिकारियों का परिचय लिया और मिशन शक्ति के कार्यों की रूपरेखा पर निर्देश दिए थे तो कासगंज की टॉपर भूमिका ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत कासगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक दिन का जिलाधिकारी बन जनसमस्याओं की सुनवाई की और उनके समाधान के निर्देश दिए।

### इन छात्राओं को भी मिल चुका है अवसर

इसी तरह से चित्रकूट स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा मनोरमा पटेल को भी एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से डीआईओएस (जिला विद्यालय निरीक्षक) बनाया गया था। मनोरमा ने इस दौरान अधिकारियों की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया और विभिन्न मामलों की समीक्षा की। इसके अलावा केजीबीवी की बालिकाओं को मुख्य विकास अधिकारी, जिला पिछड़ा एवं कल्याण अधिकारी और खंड विकास अधिकारी के रूप में भी एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिल चुका है। बता दें कि चित्रकूट जनपद के पारो नाम की छात्रा को भी एक दिन का बीएसए (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) बनाया गया था, जिस दौरान पारो ने भी इन बालिकाओं की तरह विभागीय सुनवाई जैसे कार्यों का निर्वहन किया और उनके समाधान के निर्देश दिए।

# क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना अध्यक्ष ने मिशन शक्ति के तहत ऑटो रिक्शा वालों को दिलवाई महिलाओं की सुरक्षा की शपथ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवरात्र का महीना चल रहा है और उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग जोन में महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में देहात जोन के अंतर्गत आने वाले क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र पुलिस द्वारा भी मंगलवार को एक ऐसे ही जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना प्रभारी प्रीति गर्ग द्वारा क्रॉसिंग पब्लिक और विजयनगर के मुख्य मार्ग पर ऑटो रिक्शा चालकों को महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उनके फोन नंबर और फोटो, नाम, पता भी नोट किए गए हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि अगर किसी भी महिला सवारी के साथ किसी प्रकार की घटना हो तो उसकी सूचना तत्काल क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना को दी जाए और अपराध नियंत्रण में ऑटो चालक भी सहयोग करें।

## स्कूली बच्चों को बताया गुड और बेड टच



### विद्यार्थियों को भी किया जागरूक, हेल्पलाइन नंबर से लेकर दी कई महत्वपूर्ण जानकारी



करंट क्राइम : मिशन शक्ति अभियान के तहत क्रॉसिंग पब्लिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पब्लिक स्कूल में भी थानाध्यक्ष प्रीति गर्ग ने महिला स्टाफ के साथ यहां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जहां विद्यार्थियों को गुड और बेड टच के साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर और किसी भी आपात स्थिति में यूपी-112 का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। इसके साथ ही पिंक बूथ के फायदे और पिंक बूथ के माध्यम से महिलाओं एवं विद्यार्थियों को कैसे त्वरित न्याय मिल सकता है, इसकी भी जानकारी दी गई है। बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस और सरकार द्वारा नवरात्रि को लेकर मिशन शक्ति के फेस पांच की शुरूआत की गई थी, जिसके तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

## जीत का जश्न



गाजियाबाद करंट क्राइम। हरियाणा में ऐतिहासिक जीत बाद गाजियाबाद महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गई। इसके साथ यही आयोजन गाजियाबाद में 100 से अधिक स्थानों पर हुआ। इसमें पार्टी के सभी कार्यकताओं ने ढोल बजाकर आतिशबाजी कर कर मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।

# पैसों के लालच में टीचर करता था पिस्टल और तमंचे की सप्लाई

## मेरठ से आते थे अवैध हथियार पिस्टलें- तमंचे हुए बरामद

## मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने आरोपी प्रतीक बालियान को किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जो पेशे से ट्यूशन टीचर का काम करता है लेकिन पैसों की चाहत और जल्दी आगे बढ़ाने की तमन्ना ने उसे हथियार तस्करी के धंधे में धकेल दिया था। पुलिस ने चेकिंग के दौरान मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र से महिंद्रा एंक्लेव निवासी प्रतीक बालियान निवासी मूलरूप से मुजफ्फरनगर 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से एक 32 बोर की पिस्टल, 32 बोर का एक तमंचा, तीन तमंचे 315 बोर, 5 जिंदा कारतूस और एक बिट्ठू बैग बरामद किया है।

आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि वह बच्चों को ट्यूशन पढ़कर अपना गुजारा कर रहा था लेकिन उससे उसका काम नहीं चल रहा था। जिसके बाद वह मेरठ में रहने वाले



एक व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद दिल्ली-एनसीआर में ऑन डिमांड असलाहों की सप्लाई करने लगा। वह मेरठ से असलहे लेकर आता था और दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई किया करता था।

### मेरठ से जुड़ा है असलहों की तस्करी का लिंक



**करंट क्राइम।** एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि मधुबन बापूधाम थाना प्रभारी और उनकी टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति हथियारों की सप्लाई करता है, वह मेरठ के बेगमपुल निवासी राजेश से असलहा लेकर आता है और लोगों को ऑन डिमांड सप्लाई करता है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान प्रतीक बालियान को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पिट्ठू बैग से एक पिस्टल, पांच तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया है कि यह लोगों को ऑन डिमांड तमंचा बेचा करता था। मधुबन बापूाम थानाध्यक्ष शैलेंद्र तोमर और उनकी टीम बीते दो दिनों से आरोपी प्रतीक की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी, जिसके दौरान यह सफलता मिली है।

### 25 हजार में पिस्टल और 10 हजार में तमंचा करता था सेल



**करंट क्राइम।** पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि आरोपी प्रतीक बालियान भले पहली बार जेल जा रहा हूं लेकिन वह मेरठ के बेगमपुल से राजेश नाम के व्यक्ति से हथियार लाने ले जाने के बाद बेचने का काम करता था। 32 बोर की एक पिस्टल में 20 से 25 हजार में बेच दिया करता था, जबकि तमंचा वह 10 से 12 हजार में बेचता था। साथ ही वो जिंदा कारतूस भी वह ऑन डिमांड सप्लाई करता था। पुलिस इसके मोबाइल और अन्य सोशल मीडिया के डाटा को लेकर इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

## जुलाना सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट ने दर्ज की जीत

**जींद।** हरियाणा के जींद जिले की जुलाना विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट ने जीत दर्ज कर ली है। विनेश फोगाट ने भाजपा के कैप्टन योगेश बैरागी को 6,015 वोटों से हरा दिया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, विनेश फोगाट को 65,080 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा प्रत्याशी योगेश बैरागी को 59,065 वोट मिले हैं। जुलाना सीट से जीत दर्ज करने के बाद कांग्रेस नेता विनेश फोगाट ने खुशी जाहिर की।

विनेश फोगाट ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह जुलाना के लोगों का प्रेम था। उन्होंने अपनी लड़ाई लड़ी और उसे जीता भी। लोगों ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उसे अगले पांच साल कायम रखूंगी। यह हर उस महिला की लड़ाई है, जिसने अकेले दम पर लड़ी है। उन्होंने नतीजों की बात करते हुए कहा, अभी मतगणना जारी है और जब तक सारे नतीजे घोषित नहीं हो जाएंगे, तब तक कुछ भी नहीं माना जा सकता।

## न्यूज डायरी

### मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में सोशल मीडिया समिति का गठन

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मुल्तानीमल मोदी कालेज में विद्यालय की गतिविधियों के मद्देनजर सोशल मीडिया समिति का गठन किया गया। समिति का दायित्व मीडिया के माध्यम से महाविद्यालय मे होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम एवं शैक्षणिक गतिविधियो का प्रचार प्रसार करना होगा। कॉलिज प्राचार्य प्रो0 दीपक कुमार अग्रवाल ने महाविद्यालय की सोशल मीडिया समिति के समन्वयक डॉ0 राजपाल त्यागी, सदस्य सुमित यादव व अनुज मौर्य को बनाया गया है। समिति का दायित्व मीडिया के माध्यम से महाविद्यालय में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम एवं शैक्षणिक गतिविधियो का प्रचार प्रसार करना होगा। इस अवसर पर प्रो0 मयंक त्यागी, प्रो0 श्रवण कुमार, प्रो0 हरीश कुमार, प्रोफेस सुषमा श्रीवास्तव, बसुधा शर्मा, सुबोध कुमार राणा, डॉ अमनपाल सिंह, डॉ0 दीपशिखा, डॉ0 वेदप्रकाश, डॉ0 अरुण कुमार मौर्य, डॉ0 दिनेश कुमार, डॉ0 ममता गुप्ता, डॉ0 कोमल गुप्ता, डॉ0 शिवांगी त्रिवेदी, डॉ0 शिव प्रकाश, डॉ0 अनुज मौर्य, डॉ0 सुमित यादव व समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अवैध पटाखों के साथ दो गिरफ्तार

**लोनी करंट क्राइम।** पुलिस ने अवैध रूप से बनाए गए मिश्रित पटाखें बेचने जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि सोमवार रात आस मौहम्मद और शानू तीन बोरे पटाखे बेचने जा रहे थे। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान उन्हे दबोच लिया। पूछताछ में बताया कि वह पटाखें बनाकर बेचने जा रहे थे।

### युवक ने दोस्त के साथ मिलकर पत्नी के साथ किया दुष्कर्म

**लोनी करंट क्राइम।** दोस्त के साथ मिलकर अपनी पत्नी के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक और उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीडिता ने पति और उसके दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि लोनी बार्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने मंगलवार को थाने पर सूचना दी कि उसके पति ने अपने दोस्त के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया है। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### मकान का छज्जा ढहा, एक महिला की मौत तीन घायल



लोनी करंट क्राइम। चमनविहार कॉलोनी में मंगलवार दोपहर मकान के छज्जे पर बना टॉयलेट ढह गया और मलबे में दबने से एक महिला की मौत हो गई। जबकि दो बच्चे और एक महिला घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अंकुर विहार थाने की चमनविहार कॉलोनी में मंगलवार दोपहर करीब 2.30 बजे दो पडोसियों में कहासुनी हो रही थी। मौहल्ले की महिलाएं और बच्चे वहां खडे हुए थे। इसी दौरान अनीस के मकान के छज्जे पर बना टॉयलेट सहित पूरा छज्जा ढह गया और गली में खडी हरेन्द्र की पत्नी शारदा 42, संजय सोनी की दो बेटी कृतिका 9, सौम्या 6 तथा पडोसी अनीस तिवारी की पत्नी प्रिती तिवारी 35 के ऊपर मलबा आ गिरा। मलबे में दबने के कारण शारदा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि प्रिती, कृतिका तथा सौम्या को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही ही। पुलिस ने शारदा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अपने कार्य मे दक्ष बनने हेतु अपनी इच्छा और रूचि अनुसार करें स्किल डवलपमेंट: जिलाधिकारी

## प्रकृति ने महिलाओं को सजृन की शक्ति व समझ दी है: डीएम इन्द्र विक्रम सिंह

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत लाभार्थी बच्चों के साथ जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में "शक्ति संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने उपस्थित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बाल सेवा योजना, अटल आवासीय योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सहित अन्य सम्बंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा स्किल डवलपमेंट



कोर्सेस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को अलग-अलग कोर्स कराने, बड़े स्कूलों में पढ़ाने, ट्यूशन/कोचिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने का कि शिक्षा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और हम लोग जीवन पर्यन्त कुछ ना कुछ सीखते ही रहते हैं। बच्चों को उच्च शिक्षा, बेहतर शिक्षा देना हर मां-बाप, अभिभावक का सपना होता है और वह अपने सपने को साकार करने हेतु भरसक प्रयासरत रहता है। लेकिन उस उच्च शिक्षा और बेहतर शिक्षा देने के साथ-साथ हमें यह भी देखना चाहिए कि कहीं हम बच्चों से उनका बचपन तो नहीं छिन रहे हैं। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि प्रकृति ने पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं को प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से ज्यादा मजबूत बनाया हैं। प्रकृति ने महिलाओं को सजृन की शक्ति व समझ दी है। एक महिला ही एक अच्छे परिवार का निर्माण करती है और जब प्रत्येक परिवार अच्छा होगा तो समाज अच्छा होगा और समाज अच्छा होगा तो देश अच्छा होगा और एक अच्छा देश ही स्वस्थ्य, शिक्षित और समृद्ध देश होता है।

शक्ति संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह एवं विभागीय अधिकारी/कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और महामंत्री पप्पू पहलवान ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन के वार्ड-78 विस्तार प्रथम में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और महामंत्री पप्पू पहलवान ने सांई मंदिर मार्ग से गणेशपुरी के सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया गया। इस कार्य की लागत 14 लाख की है। इस अवसर पर श्याम शर्मा, डीएन कोल, प्रतीक माथुर, भूषण लाल, सुभाष नागी, प्रेम त्यागी, भूपेंद्र गोस्वामी, गौरव, मोहित नागी, एसपी तिवारी, दिनेश माथुर, अनिल फौजदार, सुनीता चौहान, निशा चौहान, अनीता राणा, किटी कोर मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

# रविंद्र कुमार बने जोनल अध्यक्ष

## उत्तर प्रदेश राज्य कर मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की शाखा व जोन गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने ली शपथ





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य कर मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की शाखा एवं जोन के चयनित पदाधिकरियों ने मंगलवार को राज्य कर विभाग में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शपथ ली। जोन के चुनाव में रविन्द्र कुमार को अध्यक्ष, रोहित पाराशर को सचिव, रामेश्वर को उपाध्यक्ष, धीरेन्द्र कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया। शाखा के चुनाव में राम प्रसाद को अध्यक्ष व वरुण चौहान को सचिव चुना गया। शपथ ग्रहण के मौके पर अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर, जोन प्रथम एवं द्वितीय गाजियाबाद श्री दिनेश कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे मौजूद रहे।

# श्री राम व केवट संवाद का हुआ मंचन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राहुल यादव ने बताया कि रामलीला मंचन में भगवान श्री राम सरयू नदी पार करने के लिए केवट के पास जाते हैं और जब केवट को पता चलता है कि प्रभु श्री राम आये हैं और साथ में लक्ष्मण और सीता जी भी है तो ऐसे अवसर पर केवट नदी पार कराने के साथ साथ प्रभु श्री राम जी की सेवा का मौका भी नहीं छोड़ते, केवट भगवान श्री राम जी की सेवा करने के पश्चात उनसे कहते हैं कि प्रभु आप मेरी कुटिया में रहो, परन्तु भगवान श्री राम को अपने पिता के वचनों को पूरा करना था, इसलिए वह आगे वनवास के लिए चले जाते हैं. रामलीला के कोषाध्यक्ष आशु पंडित ने बताया कि जब राम जी से मिलने भरत आय तो इस दृश्य को देख श्रद्धालुओं की आंखे नम हो गई।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस नेता बिजेंद्र यादव ने पुत्री छवि और पुत्र आशुतोष यादव को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। अपनी इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली | बुधवार 09 अक्टूबर-2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

## हरियाणा में भाजपा की जीत पर कांग्रेस नेता रह गए आश्चर्यचकित

# कहा, परिणाम बेहद चौंकाने वाले भाजपाई बोले जारी है मोदी मैजिक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव में 90 सीटों के परिणाम आ गए, इस परिणाम में भारतीय जनता पार्टी ने फिर से हरियाणा में जीत हासिल की है। तो वहीं कांग्रेस को जो जीत की उम्मीद थी, वह उसपर खरी नहीं उतर पाई है। दैनिक करंट क्राइम ने पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के नेताओं से 8 अक्टूबर को आने वाले चुनावी परिणाम को लेकर बातचीत की थी। मंगलवार को नेताओं से दोबारा बात की गई, तो भाजपा नेता जहां अपनी जीत की खुशी का इजहार कर रहे थे, तो वहीं कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि जो परिणाम आए हैं, उनको हैरान और परेशान करने वाले हैं। उन्होंने कल्पना नहीं की थी कि इस तरीके के परिणाम आएंगे। हालांकि कांग्रेस के नेताओं ने कहा है कि फिर भी हरियाणा में कांग्रेस विपक्ष की भूमिका को मजबूती से निभाने का काम करेगी।

### विरोध के बावजूद भाजपा की बनी सरकार, पर जनता रहेगी परेशान : विजय चौधरी



करंट क्राइम : कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी का कहना है कि हरियाणा में किसान, नौजवान, बेरोजगार, सब भारतीय जनता पार्टी की सरकार से परेशान थे। इसके बावजूद दोबारा सरकार बनना समझ से परे है। किस तरीके से लोगों ने मतदान किया है, इस पर जरूर विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि भले जनता ने हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को बहुमत दिया हो लेकिन जनता वहां पहले की तरह ही परेशान रहेगी। जो जनादेश आया है वह स्वीकार है, पर ऐसे परिणाम की अपेक्षा कतई नहीं की गई थी।

### हरियाणा के नतीजे समझ से परे आए हैं : बिजेंद्र यादव



करंट क्राइम : कांग्रेस नेता बिजेंद्र यादव ने हरियाणा के रिजल्ट आने के बाद कहा है कि वहां के नतीजे समझ से परे हैं। यह जनता का रिजल्ट नहीं सिस्टम का रिजल्ट है। उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से लोगों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को लेकर नाराजगी थी, रिजल्ट उसके बिल्कुल विपरीत आया है। इसमें कहीं ना कहीं संदेह पैदा हो रहा है कि नाराज जनता ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट कैसे किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं ने चुनाव आयोग में अपनी आपत्ति जताई है, इस तरह हरियाणा में आए रिजल्ट को लेकर इसकी जांच और विश्लेषण होना चाहिए।

### एग्जिट पोल का नतीजा फिर हुआ फेल : नरेंद्र राठी



करंट क्राइम : कांग्रेस नेता नरेंद्र राठी का कहना है कि हरियाणा चुनाव को लेकर जिस प्रकार से एग्जिट पोल के रिजल्ट आए थे, परिणाम उससे बिल्कुल अलग हैं। हरियाणा में जिस तरीके का जनादेश आया है, ऐसी उम्मीद नहीं की जा रही थी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार से जनता, किसान, बेरोजगार, युवा और खिलाड़ी सभी परेशान थे। जिस तरीके से कांग्रेस ने यहां हर विधानसभा क्षेत्र में युद्ध स्तर पर तैयारी की थी, मतदाताओं को जागरूक किया था, मंगलवार को जिस तरीके से रिजल्ट आए हैं वह हमारे लिए परेशान हैरान और आश्चर्यचकित करने वाले हैं। कुछ सीटों पर तो इतना करीबी मुकाबला रहा जिसकी अपेक्षा भी नहीं की जा रही थी।

### धर्म नगरी में हुई है सत्य की जीत : सुनील शर्मा



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा का कहना है कि हरियाणा धर्म की भूमि है और धर्म की नगरी में भाजपा और सत्य की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में हरियाणा की जनता ने विश्वास जताया जबकि कांग्रेस का कोई भी नेता और स्थानीय उद्देश्य चुनाव में विपक्षी पार्टियों के लिए काम नहीं आए। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाकर सभी को हैरान, परेशान और चौंकाने वाला काम किया है।

### हरियाणा की जीत मोदी के विकास और जनता के विश्वास की जीत : संजीव शर्मा



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के महा नगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का कहना है कि हरियाणा में जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी ने जीत की हैट्रिक लगाई है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और हरियाणा की जनता को लेकर उनके विश्वास की जीत है। कांग्रेस ने हरियाणा के चुनाव में लोगों को लुभाने के लिए कई तरीके के वायदे और प्रलोभन भी दिए लेकिन जनता ने फिर एक बार मोदी और भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताते हुए, हमे पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने का तोहफा और जनादेश दिया है।

### हरियाणा में जनता की नब्ज नहीं समझ पाई कांग्रेस पार्टी : अशु वर्मा



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गाजियाबाद के पूर्व महापौर अशु वर्मा का कहना है कि हरियाणा में जिस तरीके से कांग्रेस ने चुनाव से दो महीने पहले तक माहौल बनाया तो वह अलग संदेश दे रहा था लेकिन इसके बाद चुनाव के आते-आते कांग्रेस का पल्ला कमजोर होता चला गया। यही वजह रही कि भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में फिर तीसरी बार जीत की हैट्रिक लगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख नेताओं की यहां चुनावी रैली जीत की गारंटी बनी हैं। वहीं हरियाणा की जनता ने भी भाजपा पर भरोसा जताया है।

### हरियाणा में 10 साल के विकास का नतीजा है जीत की हैट्रिक : अजय शर्मा



**करंट क्राइम** : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व महानगर अध्यक्ष रहे अजय शर्मा का कहना है कि हरियाणा में 10 साल से भारतीय जनता पार्टी विकास की रफ्तार को बढ़ा रही थी। जनता में भारतीय जनता पार्टी को लेकर विश्वास था और यही जीत की वजह बनी है। उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से हरियाणा विधानसभा के चुनाव भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आए हैं। यह भाजपा की सरकार के 10 सालों के कार्यों का ही नतीजा है। अजय शर्मा का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार इस बार पिछले रुके हुए विकास कार्य तेजी के साथ पूरे कराने का काम करेगी।

## जब हो गया मैडम पार्षद और हसबैंड पार्षद के बीच विवाद

### अध्यक्ष ने संभाल ली बात वरना बन गए थे FIR के हालात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में जब एक परिवार में चार बर्तन होते हैं तो वो खटकते ही हैं, लेकिन भगवा परिवार में कुछ ऐसा चल रहा है कि तकरार जल्दी हो जाती है और बर्तन खटकते भी हैं पटकते भी हैं।

सत्ता वालों के यहां इंटरनल लड़ाई के हालात जल्दी बनते हैं। सूत्र बताते हैं कि फूल वालों के यहां मैडम पार्षद और हसबैंड पार्षद के बीच मामूली बात को लेकर पहले कहासुनी हुई और फिर विवाद हो गया और नौबत एफआईआर की आ गई।

बताया जाता है कि भगवा दफ्तर पर बोर्ड बैठक की रणनीति बनाने के लिए भगवा पार्षद बुलाए गए थे। अब ये पार्टी का कार्यालय है और निगम का सदन नहीं है लिहाजा इस बैठक में पार्षद पति भी आए हुए थे। पार्षदों की संख्या ज्यादा हो गई और पार्टी का दफ्तर थोड़ा छोटा पड़ गया था। यानि जगह कम और भीड़ ज्यादा वाला सीन हो गया। बताते हैं कि इसी बीच एक पार्षद पति आगे आना चाहते थे और इस क्रम में उनका धक्का मैडम पार्षद को लग गया। धक्का लगा इसमें कोई इंटेंशन नहीं थी, लेकिन इस बात को लेकर मैडम पार्षद टेंशन में आ गई और वो नाराज हो गई।

धीरे-धीरे गुस्सा बढ़ा और फिर इस बात को लेकर विवाद हो गया। बताते हैं कि मैडम पार्षद ने इस तकरार की एफआईआर पुलिस में दर्ज कराने की तैयारी कर ली। विवाद बढ़ रहा था इसी बीच सीन में भगवा कमांडर की एंट्री हुई। भगवा कमांडर पहले से ही विवाद को सुलझाने के मास्टर माने जाते हैं। उन्होंने जहां मामले को संभाला और दोनों ही पक्षों को समझाया और मामला शांत कराया। अगर भगवा कमांडर बात को नहीं संभालते तो एक महिला पार्षद द्वारा दूसरे पार्षद पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के हालात बन गए थे।




नोट : दैनिक करंट कॉमिक की ये सीरीज पूरी तरह से हमारी कल्पना पर आधारित है। पोलिटिकल किरदारों के साथ लिए गए शब्द हमारी काल्पनिकता के आधार पर लिखे गए हैं।

## संपादकीय

# बाधाओं के बावजूद

पिछले कुछ वर्षों में विश्व अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व झटकों से गुजरी है। वैश्विक सैन्य संघर्षों ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित किया है, जिससे ऊर्जा और खाद्य कीमतों में वृद्धि हुई है। सामरिक बाधाएं सामने आई हैं। इसके बावजूद वर्ष 2021 से भारत स्थिर व्यापक आर्थिक वातावरण के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत द्वारा अनुभव की गई सात प्रतिशत से अधिक की औसत वृद्धि वैश्विक औसत से दोगुनी से भी अधिक है।

हाल के दशक में भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक प्रदर्शन पांच वर्षों में उसके 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचने में साफ नजर आता है। शुक्रवार को कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉम के आधार पर लगातार निर्णय कर देश को आगे बढ़ा रहे हैं, हम लगातार सुधारों को आगे बढ़ाने को प्रतिबद्ध हैं। महत्वपूर्ण है कि आज भारत दुनिया के निवेशकों के लिए आकर्षक स्थल है, इसका कारण पिछले 10 साल में किए गए सुधार हैं। राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले तीन महीनों में 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े फैसले लिए गए हैं। वास्तव में भारत मजबूत बुनियाद के आधार पर सतत रूप से उच्च वृद्धि के रास्ते शीर्ष पर बने रहने के लिए मेहनत कर रहा है। सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि होने की उम्मीद है। विकसित राष्ट्र बनने के लिए संरचनात्मक सुधार जारी रहें, इसके लिए सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि वित्तीय प्रणाली स्वस्थ बनी रहे और चक्र लंबे समय तक चले। समावेशी विकास, जिम्मेदार डिजिटल प्रौद्योगिकी अपनाने तथा वैश्विक दक्षिण की आवाज को बढ़ाने पर भारत की प्रतिबद्धता 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की इसकी आकांक्षा को रेखांकित करती है, जिसे कई लोग भारतीय युग कह रहे हैं।

ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था किस प्रकार अधिक नियमित नौकरियां पैदा कर सकती है। हालांकि सरकार का नौकरियां, कौशल, सतत विकास और निरंतर तेजी से विस्तार पर विशेष ध्यान है। वैश्विक एजेंसियों ने भारत के लिए सात प्रतिशत से अधिक की विकास दर का अनुमान लगाया है। सरकार को इससे भी बेहतर प्रदर्शन का भरोसा है। स्थानीय विनिर्माण के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत भारत को 1.25 लाख करोड़ रुपये का निवेश मिला। बहुत जल्द पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र दुनिया भर में मेड इन इंडिया चिप्स की आपूर्ति करेंगे। साफ है कि वैश्विक दक्षिण के देशों के बीच सेतु-निमार्ता के रूप में भारत की भूमिका अहम है।

# चुनावी नतीजों के बीच शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव
# सेंसेक्स 400 अंक चढ़ा, निफ्टी 24900 के पार

**नई दिल्ली।** हरियाणा और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के वोटों की गिनती के बीच सुबह 9 बजकर 51 मिनट पर सेंसेक्स 304.83 (0.37%) अंकों की बढ़त के साथ 81,352.40 के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 91.25 (0.37%) अंकों की बढ़त के साथ 24,887.00 पर कारोबार करता दिखा। इस दौरान जैसे-जैसे बाजार में पार्टियों के सीटों का गणित बदल रहा है, बाजार भी अपना रंग बदल रहा है।

हरियाणा और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनावों के वोटों की गिनती जारी है। हरियाणा के रुझानों में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। शुरूआती रुझानों के दौरान कांग्रेस बहुमत की ओर बढ़ती दिख रही थी, जैसे ही दिन चढ़ा, बाजी पलट गई और भाजपा ने बढ़त बना ली। राजनीतिक अखाड़े में जारी इस उठापटक के बीच शेयर बाजार में भी उठापटक जारी है। पिछले छह कारोबारी सत्रों में गिरावट के बाद चुनाव परिणाम




के दिन बाजार ने भी कई बार रंग बदला। सपाट शुरूआत के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में हरे और लाल निशान की ओर जाने की होड़ लगी रही। हालांकि, जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया बाजार में हरियाली बढ़ती गई। सुबह 11 बजकर 25 मिनट पर सेंसेक्स 494.63 (0.61%) अंकों की बढ़त के साथ 81,532.00 के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 168.25 (0.68%) अंकों की छलांग के साथ 24,964.00 पर कारोबार करता दिखा। इससे पहले, सुस्त शुरूआत के बाद सुबह 9 बजकर 51 मिनट पर सेंसेक्स 304.83 (0.37%) अंकों की बढ़त के साथ 81,352.40 के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 91.25 (0.37%) अंकों की बढ़त के साथ 24,887.00 पर कारोबार करता दिखा। इस दौरान बाजार में कई बार गिरने और उठने का सिलसिला जारी रहा। एशियाई बाजारों में नकारात्मक के रुझान के बाद मंगलवार को भारतीय शेयर बाजारों में बिकवाली का दबाव जारी रहा। इसी कारण, शुरूआती कारोबार में बाजार में उतार-चढ़ाव दिखा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, ₹मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, बड़े पैमाने पर एफपीआई की बिक्री और आज होने वाले चुनाव परिणामों को लेकर चिंताओं से नकारात्मक संकेतों के कारण बाजार में कमजोरी दिखी। सबसे महत्वपूर्ण ट्रिगर जिसने निफ्टी को शिखर से 5.6 प्रतिशत नीचे खींच लिया, वह पिछले छह कारोबारी दिनों के दौरान लगातार बड़ी एफपीआई की बिक्री रही। सेक्टोरल इंडेक्स में, निफ्टी प्राइवेट बैंक ने शुरूआती सत्र में 0.55 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ बढ़त का नेतृत्व किया और निफ्टी बैंक में भी 0.5 फीसदी की तेजी आई, जबकि निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी मीडिया और निफ्टी मेटल में बिकवाली का दबाव रहा। निफ्टी 50 शेयरों में से 20 बढ़त के साथ खुले, 26 गिरावट के साथ और 4 अपरिवर्तित रहे।

### एफपीआई ने छह कारोबारी सत्रों में 50,011 करोड़ के इक्विटी शेयर बेचे

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले छह कारोबारी सत्रों के दौरान 50,011 करोड़ रुपये के इक्विटी बेचे हैं, जिसकी भरपाई घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) द्वारा 53,203 करोड़ रुपये की खरीदारी से हुई है। इसके बावजूद कमजोर सेंटिमेंट के कारण बाजार में 5.6 फीसदी की गिरावट आई।

### सेंसेक्स-निफ्टी में गिरने-चढ़ने का दौर जारी

इससे पहले, निफ्टी और सेंसेक्स ने मिश्रित शुरूआत की। इसमें निफ्टी 50 इंडेक्स 36 अंक या 0.15 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,832.20 अंक पर खुला। वहीं, सेंसेक्स इंडेक्स 223.44 अंक या 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,826.56 अंक पर खुला।

# सेबी ने एनएसडीएल आईपीओ को दी मंजूरी, आईडीबीआई बैंक, एसबीआई ओएफएस में बेचेंगे शेयर

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से देश की सबसे बड़ी डिपॉजिटरी फर्म नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) को मंजूरी दे दी गई है। सेबी की ओर से कंपनी को पब्लिक इश्यू के लिए ऑब्जरवेशन जारी कर दी गई है। इसका मतलब है कि कंपनी आईपीओ ला सकती है। एनएसडीएल की ओर से पिछले साल जुलाई में जमा किए गए ड्राफ्ट पेपर के मुताबिक यह पब्लिक इश्यू ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा। इसमें करीब 5.72 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। ओएफएस में पैसा कंपनी के निवेशकों के पास जाता है। आईडीबीआई बैंक के पास एनएसडीएल में 26 प्रतिशत है, वह इस आईपीओ में करीब 2.22 करोड़ शेयरों की बिक्री करेगा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), जिसकी डिपॉजिटरी में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उसकी ओर से पब्लिक इश्यू में 1.8 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) और केनरा बैंक के पास एनएसडीएल क्रमशः: 5 प्रतिशत, 2.8 प्रतिशत और 2.3 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जानकारी के मुताबिक, यूबीआई की ओर से 56.2 लाख शेयर, एसबीआई और स्पेसिफाइड अंडरटेकिंग ऑफ द यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया की ओर से क्रमश: 40 लाख और 34 लाख शेयर आईपीओ में बेचे जाएंगे। एचडीएफसी बैंक के पास भी एनएसडीएल में 8.95 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसमें से करीब 2 प्रतिशत हिस्सेदारी आईपीओ में ओएफएस के तहत बिक्री की जाएगी। 31 मार्च, 2023 तक एनएसडीएल भारत में सबसे बड़ी डिपॉजिटरी है, जिसे जारीकर्ताओं की संख्या, सक्रिय उपकरणों, डीमैट निपटान मात्रा में बाजार हिस्सेदारी और संपत्तियों के मूल्य से मापा जाता है। डिपॉजिटरी अधिनियम के कार्यान्वयन के बाद एनएसडीएल भारत में नवंबर 1996 में प्रतिभूतियों के डिमटेरियलाइजेशन में अग्रणी डिपॉजिटरी बन गई थी।

# एक सप्ताह में 12 फीसदी महंगा हुआ कच्चा तेल
## भारत पर बढ़ सकता है आयात खर्च का दबाव

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में अक्टूबर में करीब 12 फीसदी का उछाल देखा गया है। यदि ऐसी ही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में भारत पर तेल आयात का दबाव बढ़ने की आशंका है। इस साल 30 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत 71.81 डॉलर प्रति बैरल थी जो 7 अक्टूबर को बढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई। हालांकि ओपेक के सदस्य देशों, और रूस तथा कुछ अन्य पेट्रोलियम उत्पादक देशों के इस साल दिसंबर से उत्पादन बढ़ाने की उम्मीद है। इससे इस साल के अंत तक थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। हमास और हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई में अब ईरान के इजरायल के खिलाफ खड़े होने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आ रही है। ईरान समेत पश्चिम एशिया के देश पेट्रोलियम के बड़े निर्यातक हैं। इस क्षेत्र में लड़ाई बढ़ने का मतलब है आपूर्ति पक्ष पर नकारात्मक प्रभाव। इससे कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल के दाम बढ़ने का भारत पर गहरा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि देश के आयात में सबसे बड़ा हिस्सा पेट्रोलियम और कच्चे तेल का है। सरकारी आंकड़े के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से अगस्त तक इस मद में 6,37,976.02 करोड़ रुपये का आयात किया गया। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.77 प्रतिशत अधिक है। दरअसल, भारत शुद्ध रूप से पेट्रोलियम आयातक देश है। यानी कच्चे तेल और एलएनजी-पीएनजी जैसे उत्पादों के लिए हम आयात पर निर्भर करते हैं। हालांकि सरकार ऊर्जा के दूसरे विकल्पों को अपना कर आयात पर निर्भरता कम करने का प्रयास कर रही है, लेकिन फिलहाल ऐसा संभव होता नहीं दिख रहा है।



## राशिफल

**मेष:** आज सिर्फ बैठने के बजाय कुछ ऐसा करें जिससे आपकी कमाई बढ़ सके। पारिवारिक जीवन को पर्याप्त समय और ध्यान दें।
**वृष:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। पूरा दिन नई ऊर्जा से भरा रहेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। धन के मामले में प्रगति होगी।
**मिथुन:** आज कोई आपकी छवि खराब कर सकता है, इसलिए लापरवाही न करें। आपका जीवन साथी थोड़ा अजीब व्यवहार कर सकता है।
**कर्क:** अपने सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के कारण अपने आसपास के लोगों को प्रभावित करेंगे। अतिरिक्त पैसा रियल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है।
**सिंह:** आज आपका दिन ठीक रहेगा। कुछ कार्यों में थोड़ा विलंब हो सकता है। इस राशि के लव पार्टनर के जीवन में उतार-चढ़ाव आ सकता है।
**कन्या:** आज कोशिश करें कि किसी भी तरह का जोखिम न लें। व्यापार स्थल पर माहौल अनुकूल रहेगा। योजनाओं से जुड़ने का मौका मिलेगा।
**तुला:** मित्रों के सहयोग से आर्थिक परेशानी दूर होगी। परिवार के सदस्य या जीवन साथी तनाव का कारण बन सकते हैं। प्यार के मामले में सामाजिक बंधनों को तोड़ने से बचें।
**वृश्चिक:** दिन अच्छा बीतेगा। लोगों के बीच आपकी एक अलग छवि बनेगी। पार्टनर के साथ डिनर पर जा सकते हैं। लंबी दूरी की यात्रा सफल और सार्थक होगी।
**धनु:** बड़े और प्रतिष्ठित लोगों से मेलजोल बढ़ सकता है। दूसरों के मामले में अपनी राय व्यक्त करने से भी बचना चाहिए। जीवनसाथी के संबंधों में उतार-चढ़ाव आ सकता है।
**मकर:** आपके कंधों पर बहुत कुछ है और निर्णय लेने के लिए स्पष्ट सोच आवश्यक है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी लेकिन आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगी।
**कुंभ:** आज रहेगा फिट और तंदुरुस्त। आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। कोई शुभ समाचार मिलेगा। संतान सुख की प्राप्ति होगी।
**मीन:** आज ऐसी जानकारी को उजागर न करें जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो। आज आपके करियर में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। आपकी हर जगह प्रशंसा होगी।

## चुटकुले

नीटू - डॉक्टर साहब, प्लास्टिक सर्जरी कराने में कितना खर्चा आएगा?
डॉक्टर - एक लाख रुपए के करीब खर्च आ जाएगा।
नीटू - लेकिन डॉक्टर साहब, अगर प्लास्टिक मैं दे दूं, तब कितना खर्चा आएगा?
डॉक्टर (झल्लाकर) - ऐसा करिए प्लास्टिक को पिघलाकर चिपका भी खुद ही लीजिए।

---

बीवी: जो आदमी रोज शराब पीकर आये उसके लिए मेरे मन में कोई हमदर्दी नहीं है..!
पति: जिसको रोज शराब मिल जाये, उसे तुम्हारी हमदर्दी की जरुरत भी नहीं है!!

---

डॉक्टर ने पत्नी के मुंह में थमार्मीटर रख कर कुछ देर मुंह बन्द रखने को कहा,
पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा
डॉक्टर साहब ये चीज कितने की आती है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अमेरिका में 49% किशोर-किशोरी प्रतिदिन सैंडविच खाते हैं।
- यदि आपकों अंडे की पहचान करना हैं तो उसे पानी में डाले वह डूब जाए तो खराब होगा और तैरने लगे तो ठीक होगा।
- स्ट्रॉबेरी फल की अपेक्षा नींबू के अंदर अधिक मिठास होती है।
- शहद एक ऐसा तरल पदार्थ है जो करीब 3000 सालों तक सुरक्षित रखा जा सकता है।
- कोरिया देश में लोग ऑक्टोपस को जिंदा खाना पसंद करते हैं।
- अधिक चुकंदर का सेवन करने से पेशाब का रंग गुलाबी हो सकता है।
- पत्ता गोभी में 91% पानी की मात्रा होती है।
- दुनिया में टमाटर की 10,000 से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती है।
- यदि आप लकड़ी के चाकू से प्याज को काटते हैं तो इससे आपकी आंखों में आंसू नहीं आते।
- जब हम प्याज काटते हैं तो इससे एक तरह की गैस निकलती है, जिससे आंखों में आंसू आता है।
- शहद मधुमक्खियों द्वारा की गई उल्टी से बनता है।
- सबसे ज्यादा कैलोरी मिल्क शेक में पाई जाती है।
- नींबू दुनिया के सबसे स्वास्थ्य वर्धक फलों में से एक है।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारत नवंबर महीने में विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप सीरीज की मेजबानी करेगा




**मुंबई।** अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) पहली बार भारत में विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीसी) सीरीज की मेजबानी करेगा।

यह चैंपियनशिप 12 से 17 नवंबर तक मुंबई में आयोजित की जाएगी। यह चैंपियनशिप वियतनाम और बाली में बेहद सफल रही, जहां भारतीय टीमों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते।

विश्व पिकलबॉल लीग (डब्ल्यूपीबीएल) द्वारा संचालित, भारत में विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप सीरीज में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड और सिंगापुर जैसे छह से सात देशों के लगभग 650 खिलाड़ी भाग लेंगे।

**यह चैंपियनशिप 12 से 17 नवंबर तक मुंबई में आयोजित की जाएगी।**

एआईपीए के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने कहा, हम इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप के साथ-साथ अपने घरेलू मैदान पर खिलाड़ियों की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं, और उम्मीद करते हैं कि हम विभिन्न पीढ़ियों और भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों को प्रतिस्पर्धी करियर और अवकाश गतिविधि दोनों के रूप में पिकलबॉल अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। एआईपीए अपने हितधारकों के साथ मिलकर भारत में डब्ल्यूपीसी सीरीज की सफलता सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है।

पिकलबॉल ग्लोबल और डब्ल्यूपीसी सीरीज के संस्थापक जान पॉपी ने भी अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, भारत में सभी स्तरों पर इस खेल के लिए अविश्वसनीय क्षमता है, और हम भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिकलबॉल की छवि को और बेहतर बनाने के लिए एआईपीए के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं। डब्ल्यूपीसी को अपने घर लाने की एआईपीए की पहल के साथ, मैं इस प्रतिष्ठित वैश्विक चैंपियनशिप में भारत द्वारा लाई गई ऊर्जा और जुनून का अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं।

पिकलबॉल, जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के तत्वों का मिश्रण है, वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते खेलों में से एक है, और भारत में इस खेल को अपनाने वाले उत्साही लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है।

# बीसीए ने रणजी टीम के चयन की पुष्टि की, अमित कुमार के कार्यों की निंदा की

**पटना।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने पुष्टि की है कि आगामी रणजी ट्रॉफी के लिए आधिकारिक चयन केवल बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी की देखरेख में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से किया जाएगा। बीसीए शिविर खिलाड़ी चयन के लिए एकमात्र अधिकृत कार्यक्रम है।

यह स्पष्टीकरण तब आया है जब बाबुल कुमार, वीर प्रताप, शरमन निग्रोध, आकाश राज, सकीबुल गनी आदि सहित कई खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर प्रसारित सूची में उनके नाम गलत तरीके से शामिल किए जाने के बारे में चिंता जताई थी। उन्होंने पुष्टि की कि उन्होंने राकेश तिवारी की देखरेख में केवल आधिकारिक बीसीए शिविर के तहत ही लगातार प्रशिक्षण लिया है।

बीसीए ने एक बयान में कहा, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) का कार्यालय 45/सी, पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना से संचालित होता है। वर्तमान पदाधिकारियों में अध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष के रूप में दिलीप सिंह, सचिव के रूप में जियाउल आरफीन, संयुक्त सचिव के रूप में प्रिया कुमारी और कोषाध्यक्ष के रूप में अभिषेक नंदन शामिल हैं। बीसीए की आधिकारिक वेबसाइट बिहार क्रिकेटए सोसिएशनडॉटकॉम है।

बीसीए ने रणजी टीम के चयन के बहाने अमित कुमार द्वारा फैलाये गए भ्रम की निंदा की और जोर देकर कहा कि बीसीए के किसी भी पंजीकृत खिलाड़ी ने अमित कुमार की किसी भी गतिविधि में भाग नहीं लिया है। बीसीए ने एक बयान में कहा, अमित कुमार को जनवरी 2023 में सचिव पद से निलंबित कर दिया गया था और मई 2023 में लोकपाल के आदेश से आधिकारिक रूप से पद से हटा दिया गया था। वह भ्रामक जानकारी फैला रहा है और एक अनधिकृत बीसीए वेबसाइट चला रहा है, जिसके खिलाफ पाटलिपुत्र पुलिस स्टेशन में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

बयान में आगे कहा गया है, इस मामले में एक व्यक्ति को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पटना उच्च न्यायालय ने फिलहाल अमित कुमार की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है, लेकिन वह संघ विरोधी तत्वों के साथ सहयोग करना जारी रखे हुए है, जिसका क्रिकेट खिलाड़ियों के करियर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

# एचआईएल उन खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद होगा जो टीम से बाहर हैं : सलीमा टेटे



**बेंगलुरू।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) सात साल के अंतराल के बाद इस साल दिसंबर में धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है। झारखंड की रहने वाली भारतीय महिला टीम की कप्तान सलीमा टेटे का सपना अगले साल की शुरूआत में अपने घरेलू मैदान पर महिला लीग फाइनल खेलने का है।

इस साल की शुरूआत में हरेंद्र सिंह के भारतीय महिला हॉकी टीम की कमान संभालने के बाद कप्तान नियुक्त की गई मिडफील्डर ने हॉकी इंडिया लीग के लिए अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैं एचआईएल के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह सात साल बाद फिर से शुरू हो रहा है। पूरी टीम पिछले कुछ दिनों से इस बात पर चर्चा कर रही है कि यह हमारे लिए कितना अच्छा अवसर है। हमें विभिन्न देशों की खिलाड़ियों के साथ घुलने-मिलने, उनके साथ खेलने, उनके खिलाफ खेलने और खिलाड़ियों के रूप में बेहतर होने का मौका मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा, इससे सीनियर टीम का हिस्सा न रहने वाले युवाओं को भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों की दिनचर्या को करीब से देखने का मौका मिलेगा। अपने करियर की शुरूआत में ही उच्च प्रदर्शन वाले पेशेवर माहौल में रहना उनके विकास के लिए चमत्कारी होगा। मुझे उम्मीद है कि एचआईएल उन खिलाड़ियों के लिए भी फायदेमंद होगा जो टीम से बाहर हैं। इससे उन्हें उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और खुद को तेज रखने का मौका मिलेगा।

लीग 28 दिसंबर से शुरू होगी, जिसके मैच दो स्थानों पर खेले जाएंगे, जिनमें झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम शामिल है।

महिला लीग का समापन 26 जनवरी, 2025 को रांची में होगा, जबकि पुरुषों का फाइनल 1 फरवरी को राउरकेला में होगा।

एचआईएल 2024-25 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगी। प्रत्येक फ्रैंचाइज 24 खिलाड़ियों की टीम बनाएगी, जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी (4 जूनियर खिलाड़ियों को अनिवार्य रूप से शामिल करते हुए) और 8 अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल होंगे।

# दिल्ली के कोटला में सफाया करने की उम्मीद से उतरेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कोटला की पिच को देश की धीमी पिचों में से एक माना जाता था, लेकिन पिछले साल हुए वनडे विश्व कप से पहले पिच में कई बदलाव हुए जिससे विश्व कप और आईपीएल में यहां ढेरों रन बने थे। ऐसे में विस्फोटक बल्लेबाजों से सुसज्जित भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 में भी अपना दबदबा बरकरार रखते हुए सीरीज में अजेय बढ़त लेने के इरादे से उतरेगी।




तेज गेंदबाज मयंक यादव ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था और कोटला तो उनका होम ग्राउंड है। ऐसे में वह यहां पर कमाल का प्रदर्शन कर सकते हैं। इसके अलावा जिस तरह का टीम का लाइन अप है, उसमें कोई भी बल्लेबाज एंकर की भूमिका वाला नहीं है। ऐसे में बांग्लादेश की मुश्किलें यहां पर बढ़ सकती हैं। साथ ही अगर पिच पर स्पिनरों के लिए थोड़ी-बहुत मदद रही तो वरूण चक्रवर्ती की फिरकी एक बार फिर से बांग्लादेशी बल्लेबाजों को परेशान कर सकती है।

बांग्लादेश की बात करें तो शाकिब अल हसन के संन्यास लेने से टीम पर फर्क दिखाई दिया है। हालांकि पिछले मैच में उनका रोल मेहदी हसन मिराज ने अच्छे से निभाया है और उनके इस मैच में भी अच्छा प्रदर्शन करने की पूरी उम्मीद है। मुस्तफिज़ुर रहमान अभी लय से दूर दिखे हैं, लेकिन कोटला के इस मैदान पर खेलने का अच्छा अनुभव है, जो टीम के काम आ सकता है।

भारत-बांग्लादेश मैच के दौरान कैसा रहेगा मौसम

नई दिल्ली में फि लहाल बारिश के कोई आसार नहीं हैं। हालांकि इस समय दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में मौसमी मच्छर (जीरे वाले मच्छर) का आतंक है। रात होते ही ये मच्छर लाइटों के आसपास मंडराने लगते हैं। इनकी संख्या इतनी अधिक होती है कि वहां रहना मुश्किल हो जाता है। अब क्योंकि कोटला में मैच फ़्लड लाइट्स में होगा तो वहां के हालात देखने वाले होंगे।



# टी20 क्रिकेट में भारत का सबसे सफल गेंदबाज जसप्रीम बुमराह!




**नई दिल्ली।** टी20 क्रिकेट ऐसा प्रारूप है, जहां बल्लेबाजों का बोल बाला रहता है। चाहे गेंदबाज कितना भी दिग्गज हो, उस मार तो पड़ती है और ऐसे में गेंदबाजों को संभलने का मौका बहुत कम ही मिलता है। हालांकि, कई ऐसे गेंदबाज हैं जो इस फॉर्मेट में भी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में सक्षम हैं। इस फॉर्मेट में 'मेडन ओवर' निकालना विकेट लेने से कम नहीं और ऐसे में यह चार भारतीय गेंदबाज इसमें माहिर हैं।

टी20 फॉर्मेट में पावरप्ले और डेथ ओवर्स के ओवर सबसे अहम होते हैं, ज्यादातर यही मैच के नतीजे भी तय करते हैं। टीम इंडिया के लंबे समय से यह जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह उठा रहे हैं। इस सूची में भी सबसे पहला नाम उनका ही है। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2016 में खेला था।

अब तक इस गेंदबाज ने 70 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 12 ओवर मेडन फेंके हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी रेट 6.27 की रही है और उन्होंने 17.74 की औसत से 89 विकेट भी अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/7 विकेट का रहा है।

दूसरा नाम भुवनेश्वर कुमार का है, साल 2012 में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इस गेंदबाज ने अब तक 87 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं और 10 मेडन ओवर फेंके हैं। उनकी औसत 23.10 और इकॉनमी रेट 6.96 की रही है। भुवनेश्वर ने 90 विकेट झटके हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/4 विकेट का रहा है।

तीसरा नाम पूर्व दिग्गज स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह का है। उन्होंने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2006 में खेला था और आखिरी बार वह 2016 में खेलते हुए नजर आए थे। इस दौरान 5 मेडन ओवर फेंके थे। उनकी औसत 25.32 की रही थी। उन्होंने अपने करियर में 6.20 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की थी और 25 विकेट झटके थे।

# गेंदबाजी कोच के रूप में शारजाह वारियर्स के साथ जुड़े क्रिस सिल्वरवुड

**शारजाह।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर क्रिस सिल्वरवुड को आईएलटी20 के आगामी सीजन के लिए शारजाह वॉरियर्स का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है।

सिल्वरवुड इससे पहले 2018 में फुल टाइम गेंदबाजी कोच के रूप में इंग्लैंड की पुरुष राष्ट्रीय टीम में शामिल हुए थे और अक्टूबर 2019 में ट्रेवर बेलिस के जाने के बाद मुख्य कोच का पद संभाला था।

पूर्व तेज गेंदबाज ने अप्रैल 2022 में श्रीलंका के मुख्य कोच के रूप में शामिल होने से पहले फरवरी 2022 तक उस भूमिका को जारी रखा, जिससे उन्हें 2022 में टी 20 एशिया कप जीतने और 2023 वनडे एशिया कप के फाइनल में पहुंचने में मदद मिली। उन्होंने हाल ही में ओवल इनविंसिबल्स के गेंदबाजी कोच के रूप में काम करना समाप्त किया है, जिसने हेड कोच टॉम मूडी के साथ मिलकर इंग्लैंड में 2024 हंड्रेड प्रतियोगिता जीती थी।



सिल्वरवुड ने कहा, मैं शारजाह वॉरियर्स के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं, जिन्होंने आगामी आईएलटी20 टूर्नामेंट के लिए एक बहुत मजबूत और रोमांचक टीम बनाई है। टीम में अनुभव, युवा जोश और गतिशीलता है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम मिलकर विपक्षी बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

# जब स्टोक्स चोटिल हो गए, तो मैंने इसे टेस्ट टीम में वापसी का मौका माना: सैम करेन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन ने टेस्ट टीम में वापसी के लिए विचार न किए जाने और कप्तान बेन स्टोक्स के चोटिल होने पर पाकिस्तान टेस्ट के लिए नजरअंदाज किए जाने पर निराशा व्यक्त की। करेन ने कहा कि उन्हें नजरअंदाज किए जाने पर दुख हुआ।

करेन, जिन्होंने 2018 में लीड्स में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, मैकुलम के इंग्लैंड के कार्यकाल के 30 मैचों में से किसी में भी शामिल नहीं हुए हैं। उनका आखिरी टेस्ट मैच अगस्त 2021 में भारत के खिलाफ था।

करेन ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के हवाले से टॉकस्पोर्ट को बताया, जिस तरह से अब टीमें बनाई जा रही हैं, खिलाड़ियों को कुछ खास कौशल और कुछ अज्ञात के लिए चुना जा रहा है। एक काउंटी खिलाड़ी के रूप में, यह एक दिलचस्प बात है, क्योंकि आपको उम्मीद करनी होगी कि आप अभी उस सांचे में फिट बैठते हैं। और अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आप बस अपनी फ्रेंचाइज और अपने काउंटी के लिए मैच जीतें और उम्मीद करें कि वह कॉल आए।

श्रीलंका टेस्ट के लिए करेन पर विचार नहीं किया गया, इसके बजाय, इंग्लैंड ने नंबर 6 और 7 पर बल्लेबाजी करने के लिए जेमी स्मिथ और क्रिस वोक्स को चुना। जब स्टोक्स ने अगस्त की शुरूआत में हंड्रेड के दौरान अपनी हैमस्ट्रिंग को चोटिल कर लिया, जिसके कारण वह श्रीलंका पर इंग्लैंड की 2-1 की सीरीज जीत से चूक गए और इसके बाद मुल्तान में चल रहे पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड के पहले टेस्ट से चूक गए, करेन ने सोचा कि यह टेस्ट में वापसी का उनका मौका है, लेकिन फिर से ऑलराउंडर को नजरअंदाज कर दिया गया।



मैं पूरी तरह से ईमानदार रहूंगा, जब स्टोक्स चोटिल हो गए, तो मैंने शायद सोचा था कि टेस्ट टीम में वापसी का यही रास्ता है। कुछ हफ़्ते पहले, मैंने कीसी (रॉब की, क्रिकेट निदेशक) के साथ एक बैठक की थी, ताकि यह समझ सकूं कि टीम कहां है, और मैं खुद को टेस्ट टीम में वापस कैसे देखता हूं।" करेन ने कहा, एक युवा खिलाड़ी होने के नाते जिसने इतनी कम उम्र में टेस्ट क्रिकेट का अनुभव किया, मुझे लगता है कि मुझे यह जानने का फायदा मिला कि यह क्या है, टेस्ट मैच जीतना क्या होता है, और आपको किस तरह की मेहनत और धैर्य और रवैये की जरूरत होती है... इसलिए मैं थोड़ा निराश था।

# इंडिया कैपिटल्स ने गुजरात ग्रेट्स पर आखिरी गेंद पर जीत के साथ प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा



**जम्मू।** इंडिया कैपिटल्स ने गुजरात ग्रेट्स पर चार विकेट से महत्वपूर्ण जीत हासिल की, जिससे लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) 2024 में उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रहीं। मैच अंतिम गेंद तक गया, जिसमें कप्तान इयान बेल ने जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। इयान बेल को अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए नाबाद 41 रनों की पारी खेलने के लिए लीजेंड ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

गुजरात ग्रेट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन उनकी पारी शुरू में ही लड़खड़ा गई। इंडिया कैपिटल्स के स्टार गेंदबाज इकबाल अब्दुल्ला ने तुरंत प्रभाव डाला, उन्होंने दूसरे ओवर में गुजरात के कप्तान शिखर धवन को सिर्फ.एक रन पर आउट कर दिया।

क्रिस गेल ने 11 गेंदों पर 21 रन की तेज पारी में पांच चौके जड़कर कुछ आतिशी प्रदर्शन किया, लेकिन धवल कुलकर्णी ने उन्हें मिड-ऑफ पर कैच कराकर उनकी पारी को छोटा कर दिया। अब्दुल्ला ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दो और तेज विकेट लिए, जिसमें सलामी बल्लेबाज मोर्ने वैन विक (16 गेंदों पर 10) और मनन शर्मा (1 गेंद पर 0) शामिल थे, जिससे गुजरात का स्कोर 6वें ओवर तक 38/4 हो गया।

मध्यक्रम ने पारी को संभाला और मोहम्मद कैफ (41 गेंदों पर 40) और यशपाल सिंह (29 गेंदों पर 20) ने पांचवें विकेट के लिए 65 रन जोड़े। हालांकि, गुजरात ने तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष किया और अपने निर्धारित 20 ओवरों में 134/6 पर समाप्त हुआ। अब्दुल्ला इंडिया कैपिटल्स के लिए गेंदबाजों में सबसे बेहतरीन रहे, जिन्होंने 3-24 के आंकड़े हासिल किए, जबकि कुलकर्णी ने 2-17 के आंकड़े हासिल किए।

135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया कैपिटल्स की शुरूआत खराब रही। दूसरे ओवर में मनन शर्मा की गेंद पर इम्पैक्ट प्लेयर ड्वेन स्मिथ शून्य पर आउट हो गए। मनन ने कहर बरपाना जारी रखा, नमन ओझा (11 गेंदों पर 2) और इकबाल अब्दुल्ला (2 गेंदों पर 0) को जल्दी-जल्दी आउट करके कैपिटल्स का स्कोर 25/3 कर दिया।

कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने 6 गेंदों पर 14 रन बनाकर कुछ गति लाई, लेकिन वह भी मनन शर्मा का शिकार हो गए। पावर-प्ले के अंत तक, इंडिया कैपिटल्स 39/4 पर गहरे संकट में थी। कप्तान इयान बेल और बेन डंक ने फिर से पारी को संभालने की कोशिश की, डंक ने 14 गेंदों पर 22 रन बनाने से पहले दो छक्के लगाए, जिससे कैपिटल्स का स्कोर 10 ओवर के बाद 74/5 हो गया।

कैपिटल्स को 60 गेंदों पर 61 रन की जरूरत थी, इयान बेल और भरत चिपली ने पारी को संभाला और छठे विकेट के लिए 42 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। चिपली ने 21 गेंदों पर 22 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए, जिससे 16वें ओवर में कैपिटल्स का स्कोर 109/6 हो गया।

# उरुग्वे ने विश्व कप क्वालीफायर के लिए सात अनकैप्ड खिलाड़ियों की घोषणा की

**मोंटेवीडियो।** रिवर प्लेट फॉरवर्ड जोक्विन लावेगा पेरू और इक्वाडोर के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए उरुग्वे की टीम में चुने गए सात अनकैप्ड खिलाड़ियों में शामिल हैं।

अन्य नए खिलाड़ियों में यूनिवर्सिडाड डी चिली के मिडफील्डर मार्को ओरोना, मोंटेवीडियो वांडरर्स के विंगर पाब्लो सुआरेज, नेशनल के मिडफील्डर लुकास सनाब्रिया, फ्लूमिनेंस के मिडफील्डर फेकुंडो बर्नाल, अलावेस के डिफेंडर सैंटियागो मोरिनो और जिमनासिया के फॉरवर्ड मटियास अबाल्डो शामिल हैं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैनेजर मासेलो बिएल्सा ने लिवरपूल के फॉरवर्ड डार्विन नुनेज, एटलेटिको मैड्रिड के सेंटर-बैक जोस मारिया जिमेनेज और नेपोली के लेफ्ट-बैक मैथियास ओलिवेरा को भी वापस बुलाया है, जो निलंबन के कारण उरुग्वे के सितंबर क्वालीफायर में नहीं खेल पाए थे। उरुग्वे शुक्रवार को लीमा में पेरू से और चार दिन बाद मोंटेवीडियो में इक्वाडोर से भिड़ेगा।

सेलेस्टे वर्तमान में आठ क्वालीफायर से 15 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी जोन स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर है।

**उरुग्वे टीम:** गोलकीपर: सर्जियो रोशेट, सैंटियागो मेले और फ्रेंको इजराइल।

**डिफेंडर:** जोस मारिया जिमेनेज, सैंटियागो ब्यूनो, सैंटियागो मोरिनो, माथियास ओलिवेरा, नाहितन नांदेज, गुइलेर्मो वेरेला, जोस लुइस रोड्रिग्ज और मासेलो साराची।



**मिडफील्डर:** मार्को ओरोना, फैकुंडो बर्नाल, एमिलियानो मार्टिनेज, लुकास सनाब्रिया, निकोलस फोंसेका, मैनुअल उगार्टे, फेडेरिको वाल्वरडे, निकोलस डी ला क्रूज और जियोर्गन डी अर्रास्काएटा।

**फॉरवर्ड:** मतियास अबाल्डो, फैकुंडो पेलिस्ट्री, मैक्सिमिलियानो अरुजो, फैकुंडो टोरेस, जोक्विन लावेगा, लुसियानो रोड्रिग्ज, पाब्लो सुआरेज, क्रिस्टियन ओलिवेरा और डार्विन नुनेज

## एक दिन की मोदीनगर एसडीएम बनी माही: डीएम और उप जिलाधिकारी ने प्रशासनिक सेवाओं की छात्रा को दी जानकारी




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में मुरादनगर के हंस इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट की छात्रा माही को मोदीनगर का एक दिन का सांकेतिक उप जिला धिकारी बनाया गया। इस दौरान उन्हें प्रशासनिक और राजस्व कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान और महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा के अंतर्गत छात्रा उपजिलाधिकारी बनाया गया। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, उप जिला धिकारी डॉ.पूजा गुप्ता ने छात्रा माही को प्रशासनिक सेवाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही प्रशासनिक पदों पर कार्यरत होकर किस प्रकार दायित्वों का निर्वहन किया जाता है। उसकी भी जानकारी दी।



अधिकारियों ने माही की हॉबी के बारे में जाना। उसके सवालों के जवाब दिया। अधिकारियों ने माही का मार्गदर्शन कर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। पढ़ने में मेधावी माही ने कक्षा 10 में जिले में स्थान प्राप्त किया था। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर प्रभारी दीपाली देवी और हंस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## हरियाणा चुनाव की जीत का कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा में कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय राजेंद्र नगर में भाजपा कार्यकताओं के साथ बड़ी धूमधाम से जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर मिठाई बांटी गई और कार्यकताओं ने पटाखे चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

इस मौके पर केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा की हरियाणा की धरती पर एक ऐतिहासिक क्षण है। यह जीत हरियाणा के करोड़ों नागरिकों की जीत है। यह विजय एक नए और विकसित हरियाणा के सपने को साकार करने की दिशा में जनता द्वारा दिया गया स्पष्ट जनादेश है। मैं सबसे पहले इस प्रचंड जीत के लिए हरियाणा के सभी मतदाताओं, भाजपा के समर्पित कार्यकताओं, पदाधिकारियों और हमारे नेतृत्व को हृदय से धन्यवाद करता हूँ। हमारा यह विजय अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र आज हरियाणा की जनता ने पूरे विश्वास के साथ अपनाया है। जनता ने अपने वोट से यह संदेश दिया है कि वह विकास, सुशासन और पारदर्शिता चाहती है। हमने हरियाणा को एक विकसित राज्य बनाने के लिए जो वादे किए थे, उन्हें निभाने के लिए हम पूरी ताकत से आगे बढ़ेंगे। हमारी सरकार ने कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के क्षेत्रों में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, और यह जीत उस मेहनत की स्वीकृति है। इस अवसर पर पार्षदों में सचिन डागर, हिमांशु चौधरी, भूपेंद्र उपाध्याय, राजकुमार भाटी, विनय चौधरी, शीशी खेमका, अजय शुक्ला, कालीचरण पहलवान कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा, प्रवीण भाटी, राजकुमार चंदेला, आलोक शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर वार्ड 60 पार्षद सचिन डागर ने अपने कार्यालय पर कार्यकताओं से साथ मिठाई बांटी कर खुशी मनाई।

## पुलिस ने दो वाहन चोर चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा



**लोनी करंट क्राइम।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की स्कूटी के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार किए हैं। चोरों के विरुद्ध एनसीआर इलाके में चोरी के कई थानों में मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर दोनों चोरों को जेल भेज दिया है।

एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार दोपहर कोयल एनक्लेव के पास पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी इसी दौरान स्कूटी पर दो व्यक्ति आए पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगे पुलिस ने कुछ ही दूर पर दोनों को धर दबोचा पूछताछ में स्कूटी चोरी की निकली तथा चोरों ने अपने नाम समीर व योगेश बताए। पुलिस ने दोनों चोरों को जेल भेज दिया है।




### पुरानी रामलीला में नई रीत जब सूर्पनखा ने गाया लखन वाला गीत

वैसे तो वो वेस्ट यूपी की सबसे पुरानी रामलीला मानी जाती हैं मगर सुना है कि इस बार पुराने वाले ही यहां कुछ नया करने पर तुले हैं। इस चक्कर में फजीहत हो रही हैं। संज्ञान है कि पिछले साल वाली रामलीला में किसी ने मैडम को अपने हाथ से पान खिलाया था एक राम झांकी ऐसी भी निकली थी जब रथ पर सवारथियेटर वाली मां सीता ने पब्लिक को देखकर नेताई स्टाईल में हाथ हिलाया था। बाद में बाबा ने मां सीता के स्वरूप को समझाया था। लेकिन इस बार जब रामलीला के मंच पर फिल्मी गीतो पर ठुमकों का पंच लगा तो कोई समझाने वाला था ही नही। सूर्पनखा ने ठुमके लगा लगा कर गाया कि बड़ा दुख दीना तेरे लखन ने। अब सूर्पनखा का तो पता नही पर परंपराओं वाली रामलीला की नाक तो कट ही गई। सुना है कि कोष वाले चौधरी इस बात पर रोष में आये तब जाकर सूर्पनथा के ठुमके रूके। उस्ताद की एन्ट्री के बाद रामलीला में ये ठुमको वाला चित्रहार रूक गया मगर उससे पहले कई गीतो पर कई ठुमके लग चुके थे।

### अदांज ए अवर अभियंता सुनो एक्स मेंबर मत बनो तुम नीति नियंता

वो सिटी वाली अवर अभियंता हैं और सुना है कि उन्हे अपने काम में इंटरफेयर कतई बर्दाश्त नही है। शहर वाले एक मेंबर अब खुद एक्स हैं लेकिन सीट महिला आरक्षित हुई तो वो टिकट अपनी पत्नी के नाम से ले आए और अब वो मेंबर हसबैंड हैं। उनके वार्ड में एक शिकायत मिलने पर लेडी अवर अभियंता ऑन द स्पाट पहुंची। जेई इलाके में आये तो मेंबर हसबैंड भी पहुंचे। बताते हैं कि भले ही मेंबर हसबैंड को पूरा मौहल्ला जानता होगा लेकिन जेई ने उन्हे नही पहचाना। मामला अतिक्रमण का था तो मेंबर हसबैंड ने इंटरफेयर किया और कह दिया कि अजी ये तो बीस साल से ऐसे ही चल रहा है। बताते हैं कि मेंबर हसबैंड के इंटरफेयर को अवर अभियंता ने पसंद नही किया उनका अदांज ऐसा था कि ऐसा अदांज तो हम मौके पर मेयर का भी नही पसंद करते। अवर अभियंता ने सुपरवाईजर से पूछा कि ये बिना मांगे हमें कौन एडवाईज दे रहा है तब सुपरवाइजर ने बताया कि ये तो रिया जी है। मैडम जेई पर कोई असर नही पड़ा और कहा कि ज्यादा ही बोल रहा है ये तो और उन्होने लहजे से जता दिया कि अपने काम से काम रख। अवर अभियंता मैं हूं तुम ज्यादा निगम के नीति नियंता मत ही बनो।

### हमें नही पता था कि जीतने के बाद निकलेगा ये इतना बेईमान

शहर में भगवा लहर का कहर अब मौहल्लों की पब्लिक झेल रही है। कई सदन देख चुके पुराने पार्षद ने कहा कि सदन तो पहले भी रहे हैं मगर ऐसा वसूली संग्राम ना देखा ना सुना। एक वार्ड के दुकानदार अवैध कब्जाधारी, दूसरे वार्ड में पैठ बाजार गलत मगर यहां तो बनते मकानों में मेंबर का शिकायत वाला दखल। तीन से पांच परसेंट के किस्से हर मौहल्ले से बाहर आ रहे हैं। निगम वाले ने ही सितम वाले सीन में सवाल पूछा कि कोई बतायेगा कि किसी वार्ड में चुने गये पार्षद के काम क्या होते हैं। पार्षद सड़क, इंटरलाकिंग, सीवर, सफाई के काम करवाता है या लोगो की शिकायते करने अफसरों के पास जाता है। मेंबर ने चुनाव लड़ते वक्त कहा था कि जीत गया तो जेसीबी से रैम्प तुड़वाऊंगा। मकान बनेगा तो शिकायत करके फिर मकानों पर सील लगवाऊंगा।

## राजपूत कल्याण संघ का गठन, पदाधिकारियों ने दिया संघ की उम्मीदों पर खरा उतरने का आश्वासन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** क्षत्रिय समाज के लोगों की एक आम बैठक तेजस न्यूज के मुख्य कार्यालय में में संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में सभी क्षेत्र के क्षत्रिय समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें सर्वसम्मति से राजपूत कल्याण संघ के बैनर तले कार्य किए जाने पर सहमति बनी और क्षत्रिय समाज के अलावा अन्य समाज के हित में भी कार्य करने पर विचार किया गया। बैठक में मौजूद लोगों की सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।

संघ के संरक्षक बाई सा शिखा सिंह, के पी सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, राजबीर सिंह, प्रवेंद्र सिंह, लवकुश सिंह, जी एस रावत बने हैं। राकेश कुमार सिंह को अध्यक्ष, तेजेश सिंह (तेजस) को महासचिव, सन्तोष सिंह राणा (पार्षद वार्ड 55) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजीत सिंह, गजेन्द्र सिंह, अंबुज सिंह एवं हेमन्त सिंह को उपाध्यक्ष, प्रदीप सिंह, बाई सा दीप्ति चौहान और संजीव सिंह को सचिव, जगपाल सिंह को कोषाध्यक्ष, एल. बी. सिंह को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। संगठन महामंत्री के रूप में बलराज सिंह, रविन्द्र सिंह, अजय सिंह, राम नजर सिंह, रमेश सिंह, सुमित सिंह, जयपाल सिंह, जितेन्द्र सिंह, सतेन्द्र, महेश सिंह, बाई सा सुषमा सिंह, जे. पी.सिंह बने हैं। संघ के कानूनी सलाहकार ठाकुर गिरिराज सिंह (एडवोकेट) हैं और मीडिया प्रभारी मनोज सिंह, राजीव सिंह और मनजीत सिंह को बनाया गया है।

इस अवसर पर राजपूत कल्याण संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि राजपूत कल्याण संघ क्षत्रिय समाज के कल्याण के लिए बनाई गई ऐसी संस्था है। जिसका मुख्य उद्देश्य आने वाले समय में स्वरोजगार, धार्मिक अनुष्ठान, शिक्षा, प्रतिभाशाली बच्चों व युवाओं को आगे बढ़ाने एवं सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर चयनित सभी पदाधिकारीयों ने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि जिस जिम्मेदारी के साथ उन्हें चुना गया है निश्चित तौर पर उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा।

## आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कैंपस में हुआ मीडिया फेस्ट अभिव्यक्ति का आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन द्वारा मीडिया फेस्ट अभिव्यक्ति 2024 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शिशिर सिन्हा, एसोसिएट एडिटरए दी हिन्दू बिजनेस लाइन, श्रीवर्धन त्रिपाठी, एक्टर एवं एंकर, जनरल सेक्रेटरी डॉ राकेश छारिया एवं विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार निगम द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। फेस्ट में दिल्ली एनसीआर के 52 से अधिक कॉलेजों एवं 12 स्कूलों से 600 से अधिक छात्र - छात्राओं ने पंजीकरण करा अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में छ प्रतियोगिताओ, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, रील मेकिंग, डिबेट कम्पटीशन, मीडिया रंगोली, नुक्कड़ नाटक एवं आरजे हंट का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए एक सफल पत्रकार के गुण बताये। उन्होंने कहा की मीडिया के क्षेत्र हो या कोई भी मेहनत बहुत जरूरी है, बिना मेहनत लक्ष्य को पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा की मीडिया के क्षेत्र में हमेशा तैयार रहना बहुत जरूरी है। न्यूज का अर्थ बताते हुए उसके मायने समझाए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजित छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ संध्या शर्मा द्वारा उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान गिरीश कुमार सिंह, डॉ खुर्शीद आलम, अनुराग सिंह, पूनम कुमारी एवं नारायण भटेजा भी मौजूद रहे।

### पार्षद सुमन लता को माँ भगवती का चिह्न देकर किया सम्मानित




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वार्ड 50 राजनगर एक्सटेंशन में आयोजित दुर्गा पूजा में पार्षद सुमन लता का स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें सम्मान रूप में माँ भगवती का चिह्न देकर समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी गण मौजूद रहे। मां भगवती के नौ दिन तक चलने वाले कार्यक्रम में बड़े ही सुन्दर माँ भगवती की प्रतिमा का स्थापना किया गया है साथ ही मंच के आयोजन से बच्चों द्वारा सुन्दर और मनमोहक प्रस्तुति दी जाती है। पार्षद द्वारा माता से सभी पर कृपा बनाने हेतु प्रार्थना की, साथ ही पार्षद द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया।




### जाते-जाते ना मिल जाए थ्री-स्टार को बड़ी सजा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों एक थ्री-स्टार बिल्कुल फूंक फूंक कर कदम रख रहे हैं। सुनने में आया है कि पहले उनकी कमिश्नरेट से दूसरे कमिश्नरेट के लिए डेट फिक्स हो गई थी लेकिन मामला अटका और अब उनको लगातार झटका मिल रहा है। पुलिस वाले लोकल सूत्रों ने जानकारी दी है कि जिस थ्री-स्टार का लोकल वाले कमिश्नरेट से ताज नगरी वाले कमिश्नरेट के लिए आदेश हुआ था, उनको जाने के लिए अभी कितना वेट करना पड़ेगा यह स्पष्ट नहीं है। उधर सूत्र बता रहे हैं की डेट फिक्स हो जाने के बाद उनको रोका गया है। उनकी कई पुरानी फाइल की जांच हो रही है और सूत्र बताते हैं की जांच इसलिए हो रही है ताकि उन पर आंच आ जाए। सुनने में आया है कि कमिश्नरेट के साहब उनसे नाराज थे, इसीलिए डेट फिक्स हो जाने के बाद उनको वेट करवाया जा रहा है। सूत्रों ने बताया है कि एक भगवा बड़े नेता ने उनके व्यवहार की शिकायत की थी, जिसके बाद मामला बिगड़ गया था। सूत्र बताते हैं कि जिस थ्री-स्टार का यह पूरा मामला है वह अपने आप को पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम



से पहले और वर्तमान वाले सिस्टम में खुद को सबसे पावरफुल बताते हैं, लेकिन बीते लंबे समय से वह लाइन में ही वेट कर रहे हैं। कभी उनको ऑन रोड ड्यूटी दी जाती है, तो कभी वह ऑन कार होते हैं, पर उनकी ड्यूटी पटरी पर नहीं आ पा रही है और इससे परेशान चल रहे हैं। उन्होंने लोकल वाले भगवा कनेक्शन से लेकर मुख्यालय वाले जुगाड़ तंत्र तक काम बनाया, काम बन भी गया लेकिन बीच में डेट फिक्स हो जाने के बाद फिर मामला अटक गया है। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस थ्री-स्टार का यह पूरा मामला है वह पूर्व में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में अपना डंका बज चुके हैं। बस उनका 151 वाला मामला ही उनको परेशानी में डाल जाता है। उधर सूत्र कहते हैं कि वैसे कमिश्नरेट सिस्टम में देहात के जिस थाने में एक भगवा नेता को होल्ड करने के लिए उनको लगाया गया था, उस काम में वह सफल रहे पर अधिकारियों ने उन्हें फिर से एक बार बोल्ड कर दिया है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कहीं ऐसा ना हो कि थ्री-स्टार को जाते-जाते बड़ी सजा मिल जाए। वैसे उन्होंने कई दरबार में हाजिरी लगाई है पर हाजिरी के बाद भी उनके मामले में हल निकलता नजर नहीं आ रहा है।

## रामलीला में सीता हरण और जटायु मोक्ष का मंचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृजविहार में श्रीसांस्कृतिक कला संगम समिति के 31वें रामलीला मंचन में स्वरूपनखा की नासिका छेदन, खर दूषण वध, सीता हरण एवं जटायु मरण का दृश्य लीला में दिखाया गया। भुपेश शर्मा ने कहा कि श्रीरामलीला के साथ ही नवरात्र में मां दुर्गा का आशीर्वाद मिल रहा है। आठवें दिन की रामलीला में सूर्पणखा का नाक काटने, खर-दूषण वध, सीता हरण और जटायु मोक्ष का मंचन किया गया। रामलीला में भगवान राम की पत्नी सीता भाई लक्ष्मण के साथ पंचवटी आने, यहां खर और दूषण का वध करने, सीता हरण आदि के दृश्य मंचन किया गया। रामलीला में दिखाया गया कि कैसे अधर्मी रावण ने छल से माता सीता का हरण किया। अगर माता सीता लक्ष्मण रेखा पार नहीं करती तो रावण अपने मंसूबे में कभी सफल नहीं हो पाता।

## डॉ0 केएनमोदी ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया



**मोदीनगर करंट क्राइम।** डॉ0 केएनमोदी ग्लोबल स्कूल के जागृति मैदान में चल रही राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता 2024 -25 में मंगलवार को बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय फेंसिंग खिलाड़ी गौरव चौधरी व वालीबॉल एसोसिएशन मेरठ के जिला सचिव अमरीश चौहान ने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन बच्चों को शारीरिक, मानसिक व नैतिक रूप से ही नही सशक्त बनाते हैं, बल्कि उन्हें एकजुट और नेतृत्व क्षमता का भी पाठ पढ़ाते हैं। खेल प्रतियोगिता की अंडर-19 श्रेणी में आर्मी पब्लिक स्कूल कानपुर का मैच परमानंद सूर्य निकेतन दिल्ली के बीच हुआ। जिसमें आर्मी स्कूल ने 15-12 से बढत हासिल कर विजय हासिल की। इसी तरह डॉ0 केएन0 मोदी ग्लोबल स्कूल व बीवीवी विद्या मंदिर केरल के बीच होने वाले मैच में बीवीवी विद्या मंदिर ने विजय हासिल की। इसी तरह अंडर-17 श्रेणी में सेंट जेवियर हाई स्कूल उड़ीसा का मैच विद्याज्ञान पब्लिक स्कूल बुलंदशहर के बीच हुआ। जिसमें विद्याज्ञान स्कूल की टीम ने 18-07 से आगे रहकर बढत हासिल की। समापन के समय विद्यालय के प्रधानाचार्य वीके राणा ने सभी विजेता टीम को बधाई दी और कहा कि हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं, जिनसे व्यक्ति को निराश न होकर आगे बढ़ने के लिए प्रयास करना चाहिए।

## ग्रीनलैण्ड एकादमी स्कूल के स्टोर रूम में लगी आग



**मोदीनगर करंट क्राइम।** ग्रीनलैण्ड एकादमी स्कूल के स्टोररूम में मंगलवार दोपहर को अचानक आग लग गई। सूचना पर पंहुची फायर बिग्रेड टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शार्टसर्किट माना जा रहा है। तिबडा रोड़, मोदीनगर स्थित ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के स्टोररूम से आग की लपटे निकलने लगी। आग की लपटे निकलते देख स्कूल में अफरा तफरी मच गई। किसी तरह स्कूल कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन असफल होने परअग्निशमन विभाग मोदीनगर को सूचना दी गई। अग्शिमन विभाग की एक गाड़ी तुरंत मौके पर पंहुची और कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग की सूचना से आसपास आवासीय क्षेत्र होने के कारण लोगों में दहशत फैल गई। अग्निशमन अधिकारियों का कहना है कि आग लगने का मुख्य कारण शार्टसर्किट माना जा रहा है।

### सीवर के गडढे में मिटटी की ढांग गिरने से मजदूर की मौत

**लोनी करंट क्राइम।** सीवर लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में काम कर रहा मजदूर ऊपर से मिटटी की ढांग गिरने के कारण मिटटी में दब गया। आनन-फानन में दूसरे मजदूरों ने उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए लोनी के नीलम फैक्टरी रोड स्थित संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि अंकुर विहार कॉलोनी में सीवर बिछाने का काम चल रहा है। मंगलवार सुबह 11 बजे मुनेश पुत्र सुभाष सीवर के लिए खोदे गए गहरे गडढे में काम कर रहा था। इसी दौरान उसके ऊपर मिटटी की ढांग गिर गई और वह मिटटी में दब गया। उसके साथियों ने उसे मिटटी हटाकर बाहर निकाला तथा उपचार के लिए लोनी के संयुक्त अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वह मूल रूप से मुरादाबाद जनपद के चांदपुर गांव का रहने वाला था।

## भगवान राम के वनवास जाने पर भाव विभोर हुए दर्शक





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति वसुंधरा द्वारा चल रही रामलीला में आज का 9 वा दिन के मंचन में श्री राम वनवास के लिए माता सीता भ्राता लक्ष्मण सहित वन के लिए प्रस्थान करा, अपने पिता के वचनों की रक्षा करने के लिए वह वन गए।

वन में निषाद राज से भेंट हुई, निषाद राज को बड़ा ही आश्चर्य हुआ प्रभु श्री राम को वन में देखकर क्योंकि दशरथ महाराज जी ने एक दिन पहले ही संदेश भिजवाया था कि निषाद राज समस्त तीर्थो का जल व समस्त वनस्पति लेकर अयोध्या आओ श्री राम का राज्याभिषेक करना है। इसके बाद रात्रि विश्राम श्री निषाद के यहां किया प्रात काल वट वृक्ष का दूध मंगा कर राम जी ने अपने सुंदर केश के जटाओं में वर्णित किया उसके पश्चात केवट को बुलाकर उसकी नौका द्वारा गंगा पार की और उसके बाद ऋषि भारद्वाज जी के आश्रम में गए वहां पर संतों के द्वारा श्री राम जी का भव्य स्वागत हुआ इसके पश्चात ऋषि वाल्मीकि के आश्रम गए ऋषि वाल्मीकि के कहने पर श्री राम ने चित्रकूट में अपना निवास किया।

अतः अंत समय दशरथ जी को श्रवण कुमार के माता-पिता का श्राप याद आया और महाराज दशरथ राम राम कहते हुए अपने प्राणों को त्याग दिया, धवल दूध के द्वारा भरत जी को बुलवाया गया महाराज दशरथ की अंतिम क्रिया की। इस अवसर पर चेयरमैन पंडित नरेंद्र भारद्वाज, महेश भारद्वाज, सुशील उपाध्याय, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, इंद्रपाल प्रधान, बिना सेंगर, नितिन यादव, गिरीश शर्मा, अमित किशोर, ऐम बी कौशिक, अमित भारद्वाज, अश्वनी कौशिक, सुमित भारद्वाज, राहुल राणा, प्रिंस भारद्वाज, शैलेंद्र शर्मा, विनोद एमजी, सोनू कल्याणी, सुरेंद्र शर्मा, अंकुश कौशिक, संध्या शर्मा, सविता त्रिपाठी, विजयलक्ष्मी आदि लोग मौजूद रहे।

## थाना मसूरी में शांति बैठक आयोजित, धार्मिक विवाद को सुलझाने पर जोर



**गाजियाबद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को थाना मसूरी में विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक शांति बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंह आनंद सरस्वती द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी के कारण उत्पन्न तनाव को कम करना था। बैठक में पुलिस और प्रशासन ने सभी से शांति बनाए रखने की अपील की।

ग्राम प्रधान मसूरी शहजाद चौधरी, मौलाना शारिक, सतीश बिधूड़ी और अन्य प्रमुख समुदाय के नेताओं ने मिलकर इस विवाद को सुलझाने के लिए क्षेत्रीय कमेटी के गठन का सुझाव दिया, ताकि भविष्य में किसी भी विवाद को बातचीत के जरिए हल किया जा सके। वहीं, सहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की अपील की। इसके साथ ही स्पष्ट किया कि गंभीर मामलों में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन सभी विवादों को आपसी समझ से हल करने का प्रयास होना चाहिए।

### डासना मंदिर नारेबाजी मामला, 12 अभियुक्त गिरफ्तार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना वेव सिटी पुलिस टीम ने डासना देवी मंदिर के सामने 4 अक्टूबर 2024 को नारेबाजी कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में अब तक कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के दौरान सैंकड़ों अज्ञात व्यक्तियों ने विशेष समुदाय के ईष्ट पर टिप्पणी के विरोध में नारेबाजी की थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इनपुट के आधार पर इन आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। पहले 6 अभियुक्तों को 6 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था, फिर 4 अन्य अभियुक्त 7 अक्टूबर को गिरफ्तार हुए। मंगलवार पुलिस ने रियाज पुत्र नईम और रिजवान पुत्र अलीहसन को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## ट्रंप और कमला हैरिस को लेकर अमेरिकी प्रोफेसर की भविष्यवाणी

# बेहद रोमांचक होने वाले हैं राष्ट्रपति चुनाव

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में अब महज चार सप्ताह का समय बचा है। ऐसे में इन आखिरी हफ्तों में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन उम्मीदवार चुनावी तैयारी में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। मुकाबला कड़ा बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है।

### 'इस बार का चुनाव धड़कने बढ़ा देने वाला'

एमोरी विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर जाचरी पेस्कोविट्ज ने भविष्यवाणी की है कि इस बार का चुनाव धड़कने बढ़ा देने वाला होगा क्योंकि सात स्विंग राज्यों में से किसी में भी किसी भी उम्मीदवार के पास निर्णायक बढ़त नहीं है। उनका कहना है कि अमेरिकी चुनाव में इलेक्टोरल कॉलेज असाधारण रूप से काफी पास होगा और लोकप्रिय वोट भी बहुत करीब होने जा रहा है।



गौरतलब है, अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। यहां रिपब्लिकन की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मैदान में हैं। वहीं डेमोक्रेट्स ने उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को चुनावी दौड़ में उतारा है। दोनों ही नेता एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

इलेक्टोरल कॉलेज और लोकप्रिय वोटों के संबंध में दोनों उम्मीदवारों से उनकी उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर प्रोफेसर जाचरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि चुनाव बहुत करीब होने जा रहा है। मुझे लगता है कि दो या तीन प्रतिशत अंकों के भीतर इलेक्टोरल कॉलेज भी असाधारण रूप से करीब होने जा रहा है। आप जानते हैं, यह बहुत संभव है कि एक संकीर्ण जीत होगी।'



### सातों राज्यों में किसी के पास निर्णायक बढ़त नहीं

अमेरिकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने आगे कहा, 'यहां तक कि यह भी संभावना है कि इलेक्टोरल कॉलेज में 269 के मुकाबले 269 सीटें टाई होंगी, जो अंत में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में जाएंगी। आप जानते हैं कि यह बहुत करीबी मुकाबला होगा और यह इन सात राज्यों तक सीमित रहेगा। इसलिए, हाल ही में हुए सभी मतदानों से पता चलता है कि यह बहुत करीबी मुकाबला होगा। किसी भी उम्मीदवार के पास सातों राज्यों में निर्णायक बढ़त नहीं है और यह कांटे की टक्कर वाला मुकाबला होगा।'

**विदेश नीति को लेकर यह कह दी बात :** पेस्कोविट्ज ने अमेरिकी चुनाव में विदेश नीति के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी मतदाताओं के लिए विदेश नीति एक बहुत मामूली विचार है। मतदाताओं का एक बहुत छोटा वर्ग होगा जो 2024 में विदेश नीति के मुद्दों के आधार पर वोट देगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर आप जनमत सर्वेक्षण और अतीत में मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारकों को देखें, तो विदेश नीति आम तौर पर अमेरिकी मतदाताओं के लिए बहुत ही मामूली विचार है, सिवाय उन मामलों के जहां अमेरिकी सैनिक सक्रिय रूप से लड़ रहे हैं। इसलिए, वियतनाम एक बड़ा प्रमुख उदाहरण है। जबकि इराक, अफगानिस्तान में युद्ध कम उदाहरण हैं। इसलिए, पिछले चुनावों की तुलना में 2024 के चुनाव में यह एक बड़ा अंतर है।

**रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर यह दावा :** रूस के साथ चल रहे युद्ध के बीच यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'यह साफ तौर पर सबसे जरूरी मामला है। इसमें बड़ी संख्या में धन भी शामिल है। लेकिन, अगर आप उन मुद्दों को देखें जिनकी मतदाता परवाह करते हैं, तो विदेश नीति केवल एक बहुत ही मामूली विचार है। इसलिए, मुझे लगता है कि कुछ मतदाता ही हैं, जो 2024 में विदेश नीति के मुद्दों के आधार पर ट्रंप और हैरिस के बीच फैसला करेंगे।'

विशेषज्ञ ने अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अमेरिका में मतदाताओं का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण हिस्सा भारतीय-अमेरिकी हैं।

## गुरेरो में मेयर का पद संभालने के छह दिन बाद एलेजेंड्रो अरकॉस की हत्या



**मैक्सिको सिटी :** मैक्सिको के हिंसाग्रस्त राज्य की राजधानी गुरेरो में मेयर का पद संभालने के एक सप्ताह से भी कम समय के बाद एलेजेंड्रो अरकॉस की हत्या कर दी गई। राज्य के गवर्नर ने इसकी पुष्टि की। उनका कटा हुआ सिर एक पिकअप वैन से बरामद किया गया। दक्षिण पूर्व मैक्सिको के चिलपेंसिंगो शहर के मेयर अरकॉस ने छह दिन पहले ही मेयर का पद संभाला था। गुरेरो के स्टेट अटर्नी जनरल के कार्यलय ने बताया कि उनकी हत्या की जांच की जाएगी। उनकी हत्या सरकार के सचिव फ्रांसिस्को टापिया की हत्या के ठीक तीन दिन बाद हुई।

मेयर एलेजेंड्रो अरकॉस की हत्या पर गुरेरो के गवर्नर एवलीन सलगेडो ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ₹उनके निधन से पूरा गुरेरो समाज शोक में हैं और इसे लेकर हमारे अंदर आक्रोश है।₹ उन्होंने यह बयान सोशल मीडिया पर दिया। व्हाट्सएप पर पिकअप वैन पर कटा हुआ सिर की तस्वीरें प्रसारित होने के बाद आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की गई। सांसद एलेजेंड्रो मोरेनो ने कहा, ₹वे एक युवा और ईमानदार अधिकारी थे जो जिन्होंने अपने समुदाय के लिए प्रगति की मांग की।₹ बता दें कि मेक्सिको के पीआरआई राजनीतिक दल के प्रमुख हैं। उन्होंने गुरेरो की स्थिति को देखते हुए अरकॉस और तापिया की हत्याओं की जांच के लिए का नेतृत्व करने के लिए फेडरल अटर्नी जनरल को बुलाया।

बता दें कि अरकॉस की हत्या से ठीक तीन दिन पहले सरकार में नए सचिव फ्रांसिस्को टापिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तीन दिन में दो बड़े नेताओं की हत्या से शहर में दहशत का माहौल है।

# इमरान खान समेत दो के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

## पीटीआई रैली में पुलिसकर्मी की हुई थी मौत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के नेता, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई की ओर से पिछले दिनों किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पुलिसकर्मी की मौत हुई थी। इसे लेकर पाकिस्तान सरकार ने यह कदम उठाया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को सरकार की ओर से संघीय राजधानी के नून पुलिस स्टेशन में हत्या के प्रयास, आगजनी, राज्य पर हमला और पुलिस कर्मियों के खिलाफ हिंसा के साथ-साथ आतंकवाद विरोधी अधिनियम (एटीए) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पाकिस्तान सरकार ने जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान और ख ै ब ा र पख्तूनख्वा के सीएम अली अमीन गंडापुर पर इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र के पुलिस के क ा ंस्टे ब ल अब्दुल हमीद की हत्या के प्रयास का आरोप लगाया।



बताया गया कि पुलिसकर्मी की शुक्रवार रात को पीटीआई के विरोध प्रदर्शन के दौरान डी-चौक पर उपद्रवियों ने हमला किया था। दो दिन बाद इलाज के दौरान पुलिसकर्मी की मौत हो गई।

बताया जाता है कि पीटीआई ने जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की रिहाई, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बढ़ती महंगाई के विरोध में डी चौक पर प्रदर्शन किया था। सरकार ने शुक्रवार को रैली को रोकने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों और पार्टी समर्थकों के बीच झड़पें हुईं। इसके चलते पुलिसकर्मी हमीद की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बताया जाता है कि मुकदमे में पीटीआई नेता आजम स्वाति, उमर अयूब, बैरिस्टर मुहम्मद अली सैफ, पीटीआई इस्लामाबाद के अध्यक्ष आमिर मुगल, मलिक हफीज उर रहमान टीपू और 500 अन्य अज्ञात व्यक्तियों को भी नामित किया गया है।

### लाहौर में भी किया गया था हमला

पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थकों ने शनिवार को इस्लामाबाद के डी-चौक के साथ-साथ लाहौर के मीनार-ए-पाकिस्तान पर भी हमला किया था। सोमवार को लाहौर की एक आतंकवाद विरोधी अदालत ने शनिवार को मीनार-ए-पाकिस्तान के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर हमला करने और सार्वजनिक सभा के उल्लंघन से संबंधित चार मामलों में 130 पीटीआई समर्थकों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

लाहौर पुलिस ने रविवार को खान सहित 200 से अधिक पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं पर आतंकवाद के आरोप के तहत मामला दर्ज किया था।

## कैस सैयद ने लगातार दूसरी बार जीता राष्ट्रपति चुनाव

## दूसरे कार्यकाल पर बोले- यह क्रांति की निरंतरता

**ट्यूनिश।** उत्तरी अफ्रीका के ट्यूनीशिया में राष्ट्रपति कैस सैयद ने एक बार फिर राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की है। यह उनका दूसरा कार्यकाल होगा। ट्यूनीशिया के चुनाव के लिए स्वतंत्र उच्च प्राधिकरण (आईएसआईई) के प्रमुख ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सैयद ने 90.7 प्रतिशत वोट हासिल किए।

पूर्व में कानून के प्रोफेसर रहे सैयद ने इस मौके पर कहा कि 2019 में जब वह पहली बार राष्ट्रपति बने थे तब उनके पास कोई राजनीतिक अनुभव नहीं था। लेकिन उन्होंने भ्रष्टाचार को खत्म करने और समानता को बढ़ावा देने के वादे पर वह चुनाव जीता था। उन्होंने कहा कि उन्हें तब युवाओं का बड़ी संख्या में समर्थन मिला था। आगे उन्होंने नई जीत के बारे में बात की। रविवार को एग्जिट पोल्स में जीत की



भविष्यवाणी के बाद उन्होंने कहा कि यह ट्यूनिशिया में यह क्रांति की निरंतरता है। उन्होंने कहा कि वह वह भ्रष्ट अभिजात वर्ग और देशद्रोहियों से लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि हम देश को भ्रष्टाचारियों, गद्दारों और साजिशकताओं से मुक्त करेंगे और बनाएंगे।

### 2021 में सत्ता हथियाने की कोशिश

राष्ट्रपति को 2019 में लोकतांत्रिक तरीके से चुना गया था, लेकिन उन्होंने 2021 में व्यापक रूप से सत्ता हथियाने की कोशिश की थी। राष्ट्रपति शासन बनाने के लिए 2022 में संविधान को फिर से लिखा गया था, जिसकी संसद के पास बेहद सीमित शक्तियां हैं।

### संसद की थी भंग

साल 2021 की जुलाई में ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति ने देश के प्रधानमंत्री को बर्खास्त कर दिया था और संसद भंग कर दी थी। ये सब इसलिए हुआ था क्योंकि ट्यूनीशिया में लोग कोरोना महामारी से निबटने में सरकार की नाकामी से गुस्सा थे और पूरे देश में प्रदर्शन कर रहे थे। ये विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए थे। ट्यूनीशिया के लगभग हर इलाके में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए थे और पुलिस के साथ उनकी हिंसक झड़प हुई थी।

## अंतरिम सरकार ने किया नौ सदस्यों वाले संविधान सुधार आयोग का गठन; 90 दिनों में सौंपनी होगी रिपोर्ट

**ढाका ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने नौ सदस्यों का एक संविधान सुधार आयोग बनाया है। इस आयोग का अध्यक्ष बांग्लादेशी-अमेरिकी प्रोफेसर अली रियाज को बनाया गया है।

यह संविधान सुधार आयोग 90 दिनों में सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा। बांग्लादेश की सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है।

बांग्लादेशी मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोगों को सशक्त बनाते हुए एक प्रतिनिधि और प्रभावी लोकतंत्र स्थापित करने के लिए मौजूदा संविधान की समीक्षा और मूल्यांकन जरूरी है। इसके लिए इस आयोग का गठन किया गया था।

अब यह सभी की राय पर विचार करते हुए संवैधानिक सुधार की सिफारिशों पर एक रिपोर्ट तैयार करेगा।

नौ सदस्यीय इस आयोग में छात्र प्रतिनिधि महफूज आलम भी शामिल हैं। वे अंतरिम सरकार के मुख्य



सलाहकार मुहम्मद यूनुस के विशेष सहायक भी हैं। वहीं, आयोग के अन्य सदस्यों में ढाका विश्वविद्यालय (डीयू) कानून विभाग की प्रोफेसर सुमैया खैर और मुहम्मद इकरामुल हक, बैरिस्टर इमरान सिद्दीकी और सुप्रीम कोर्ट के वकील एडवोकेट डॉ शरीफ भुइयां शामिल हैं। इनके अलावा, बैरिस्टर एम मोइन आलम फिरोजी, लेखक फिरोज अहमद और लेखक और मानवाधिकार कार्यकर्ता एमडी मुस्तैन बिल्लाह भी आयोग का हिस्सा हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले बीते माह मुख्य सलाहकार यूनुस ने न्यायपालिका, चुनाव प्रणाली, प्रशासन, पुलिस, भ्रष्टाचार विरोधी आयोग और संविधान में सुधार के लिए छह आयोगों के गठन की घोषणा की थी। उस मौके पर यूनुस ने कहा था, उम्मीद है कि ये आयोग तीन महीनों के भीतर अपना काम पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि सुधारों का मुख्य उद्देश्य सभी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करना है। अंतरिम सरकार के प्रमुख ने कहा, हमारे सामने बहुत सारा काम है। हम एक साथ मिलकर समान लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं। हम एक ऐसा ढांचा बनाना चाहते हैं, जो हमारी नई पीढ़ी की प्रतिभाओं को राज्य औ़र समाज के समर्थन से बिना किसी बाधा के सामने ला सके।

# बेरूत पर हमले में हिजबुल्ला मुख्यालय के कमांडर सुहैल हुसैन हुसैनी की मौत

**बेरूत ।** इस्राइल की ओर से हिजबुल्ला के खिलाफ हमले लगातार जारी हैं। बीते दिन इस्राइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्ला के कई ठिकानों पर लगातार एक के बाद एक कई मिसाइल हमले किए। वहीं, अब आईडीएफ ने दावा किया है कि बेरूत में हुए हवाई हमले के दौरान हिज्बुल्ला की रसद इकाई के प्रमुख सुहैल हुसैन हुसैनी की मौत हो गई थी।

आईडीएफ ने मंगलवार को हवाई हमले की जानकारी देते हुए कहा कि बीते दिन बेरूत में एक परिसर पर हमला किया गया, जिसमें हुसैनी की मौत हो गई। हालांकि हिजबुल्ला ने इसे लेकर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

आईएडीफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सेना ने आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला के मुख्यालय के प्रमुख सोहिल हुसैन हुसैनी को मार डाला। इसमें आगे कहा गया कि कल, इंटेलिजेंस डिवीजन के सटीक निर्देश के तहत इस्राइली वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने बेरूत क्षेत्र को निशाना

**सेना ने आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला के मुख्यालय के प्रमुख सोहिल हुसैन हुसैनी को मार डाला।**



बनाया और हिजबुल्ला आतंकवादी संगठन के मुख्यालय के प्रमुख को मार डाला।

इससे पहले 3 अक्तूबर को, क्अत्र्र ने फलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के तीन शीर्ष नेताओं की हत्या की भी घोषणा की थी, जिसमें उनके गाजा सरकार के प्रमुख रावी मुश्तहा भी शामिल थे। आईडीएफ ने जानकारी दी थी कि उत्तरी गाजा में एक भूमिगत परिसर पर हमले में रावी मुश्तहा और दो अन्य हमास कमांडर, समेह सिराज और समेह औदेह मारे गए। इससे पहले सितंबर में, लेबनान के बेरूत में एक हमले में इस्राइल ने ईरान समर्थित आतंकवादी समूह को बड़ा झटका दिया था। उस हमले में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला की हत्या कर दी गई थी। हमास और इस्राइल के बीच युद्ध हमास ने बीते साल सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमला कर दिया था। इस आतंकवादी हमले में 12 सौ लोग मारे गए थे और लगभग ढाई सौ लोगों को बंधक बनाया गया था।

इसके बाद इस्राइल ने जवाबी कार्रवाई की, जो अभी भी जारी है। अब तक फलस्तीन में 40 हजार लोगों की मौत हो चुकी है।

गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा के 23 करोड़ निवासियों में से अधिकांश विस्थापित हो गए हैं। बेरूत पर हमले में हिजबुल्ला मुख्यालय के कमांडर सुहैल हुसैन हुसैनी की मौत; इस्राइली सेना का दावा

इस्राइल की ओर से हिजबुल्ला के खिलाफ हमले लगातार जारी हैं। बीते दिन इस्राइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्ला के कई ठिकानों पर लगातार एक के बाद एक कई मिसाइल हमले किए।

वहीं, अब आईडीएफ ने दावा किया है कि बेरूत में हुए हवाई हमले के दौरान हिज्बुल्ला की रसद इकाई के प्रमुख सुहैल हुसैन हुसैनी की मौत हो गई थी। आईडीएफ ने मंगलवार को हवाई हमले की जानकारी देते हुए कहा कि बीते दिन बेरूत में एक परिसर पर हमला किया गया, जिसमें हुसैनी की मौत हो गई। हालांकि हिजबुल्ला ने इसे लेकर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

आईएडीफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सेना ने आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला के मुख्यालय के प्रमुख सोहिल हुसैन हुसैनी को मार डाला।

समें आगे कहा गया कि कल, इंटेलिजेंस डिवीजन के सटीक निर्देश के तहत इस्राइली वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने बेरूत क्षेत्र को निशाना बनाया और हिजबुल्ला आतंकवादी संगठन के मुख्यालय के प्रमुख को मार डाला। इससे पहले 3 अक्तूबर को, क्अत्र्र ने फलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के तीन शीर्ष नेताओं की हत्या की भी घोषणा की थी।

जिसमें उनके गाजा सरकार के प्रमुख रावी मुश्तहा भी शामिल थे। आईडीएफ ने जानकारी दी थी कि उत्तरी गाजा में एक भूमिगत परिसर पर हमले में रावी मुश्तहा और दो अन्य हमास कमांडर, समेह सिराज और समेह औदेह मारे गए। इससे पहले सितंबर में, लेबनान के बेरूत में एक हमले में इस्राइल ने ईरान समर्थित आतंकवादी समूह को बड़ा झटका दिया था। उस हमले में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला की हत्या कर दी गई थी।

# पाकिस्तान में अचानक करने लगा भारत की तारीफ

## पीआईए को लेकर सरकार को सुनाई खरी-खोटी

**इस्लामाबाद ।** विवादित इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक एक बार फिर चर्चाओं में आ गया है। आजकल वह पाकिस्तान पहुंचा हुआ है। यहां से पहले उसका एक लड़की को खरीखोटी सुनाने का वीडियो सामने आया। अब उसका हृदय परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उसने पाकिस्तान की एयरलाइंस पीआईए की जमकर आलोचना की। वहीं, भारत की तारीफ करता दिखाई दिया। उसने कहा कि वह राजकीय अतिथि बनकर पाकिस्तान आया था। इसके बावजूद पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस ने उसके सामानों के पैसे वसूले। उसने आगे कहा कि अगर वह भारत में यह करता तो कोई भी एयरलाइंस नाम सुनकर उसके सामानों का शुल्क माफ कर देती। एक अक्तूबर से हैं पाकिस्तान में भारत में नफरत फैलाने वाले भाषण और सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के आरोप में वांछित जाकिर नाइक एक अक्तूबर को पाकिस्तान पहुंचा था। वह



यहां 28 अक्तूबर तक रहने वाला है। उसने कराची में समर्थकों से यह बात कही। जाकिर नाइक ने कहा, 'मैं अभी आपको एक मिसाल दूंगा। मैं जब पाकिस्तान आ रहा था, तो सामान का वजन हजार किलो था। तब मुझे रोक दिया गया। मैंने पीआईए के अधिकारियों से बात की। सीईओ, कंट्री मैनेजर, एयरपोर्ट मैनेजर सभी से बात की। उन लोगों ने कहा कि वह मेरे लिए कुछ भी करेंगे।'

### 50 फीसदी छूट का दिया था प्रस्ताव

**उन्होंने आगे कहा, 'जब मैंने अधिकारियों से कहा कि मेरे साथ छह लोग यात्रा कर रहे हैं। 500-600 किलो सामान ज्यादा है। तब उन्होंने 50 फीसदी छूट देने को कहा। इस पर मैंने बताया कि 50 फीसदी छूट के बदले मैं और चार लोगों को लेकर आऊं तो सस्ता पड़ेगा ना। मैंने उनसे कहा कि मुफ्त में जाने दो, नहीं तो पूरा पैसा ले लो। मैंने छूट का प्रस्ताव ठुकरा दिया।'**

### भारत की करने लगा बढ़ाई

मुंबई में जन्मे उपदेशक ने आगे दावा किया कि जब कोई गैर-मुस्लिम उसे भारत में देखता है, तो वे उसे मुफ्त में जाने देता है। उसने आगे कहा, 'पीआईए- पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस। अरे भारत में कोई भी गैर मुस्लिम मुझे देखेगा तो मुफ्त में छोड़ेगा। ये है भारत। गैर मुस्लिम डॉक्टर साहब (जाकिर नाइक) को देखता है तो 1000 किलो-2000 किलो छोड़ देता है।' पाकिस्तान पर हुआ आगबबूला जाकिर नाइक ने आगबबूला होते हुए कहा, 'ये पाकिस्तान है। सरकार का मेहमान हूं मैं। मेरे वीजा पर लिखा है स्टेट गेस्ट और आपके पीआईए का सीईओ बोलता है कि आपको 50 फीसदी छूट दूंगा। मुझे इतना दुख हुआ कि मैं पाकिस्तान में आ रहा हूं। डॉक्टर जाकिर नाइक स्टेट गेस्ट है और वो 300 किलो छोड़ नहीं सकते, बोल रहे हैं 50 फीसदी छूट देंगे।

## हिजबुल्ला ने इस्राइल में दागीं पांच मिसाइलें

**यरूशलम ।** हिजबुल्ला ने गाजा संघर्ष की पहली वर्षगांठ के मौके पर मध्य इस्राइल के कई शहरों को निशाना



बनाते हुए मिसाइल हमले किए। वहीं, सोमवार शाम (स्थानीय समयानुसार) को बेरूत के आसमान में एक और विस्फोट हुआ, जिससे आसमान में लगभग एक सेकंड के लिए रोशनी हुई और उपनगरों में नारंगी रोशनी फैल गई। दिन के दौरान, बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर कई हमलों की आवाजें भी सुनी गईं। बेरूत में यह विस्फोट इस्राइली सेना के निर्देश के बाद हुआ।

वहीं, इस्राइली सेना ने कहा कि लेबनान से इस्राइल की सीमा में लगभग पांच मिसाइलें लॉन्च की गईं, जिसके बाद मध्य इस्राइल में सायरन बजने लगे। सेना के अनुसार, कुछ मिसाइलों को हवा में मार गिराया गया और बाकी खुले क्षेत्रों में गिरीं।

# अमेरिकी अदालत से गूगल को झटका

## कंपनी को अपना एंड्रॉयड प्रतिद्वंदी एप स्टोर के लिए खोलने का निर्देश

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की अदालत से दिग्गज तकनीकी कंपनी गूगल को बड़ा झटका लगा है। दरअसल अदालत ने गूगल को अपना एंड्रॉयड स्मार्टफोन ऑपरेटिंग सिस्टम प्रतिद्वंदी एप स्टोर के लिए खोलने का आदेश जारी किया है। फोर्टनाइट बनाने वाले एपिक गेम्स ने गूगल के खिलाफ अदालत में विश्वास विरोधी मामला दायर कराया था। जिस पर कैलिफोर्निया की ज्यूरी ने माना कि गूगल अपने एंड्रॉयड प्ले स्टोर के जरिए एकाधिकार स्थापित करने की कोशिश कर रही है।

ज्यूरी ने माना कि गूगल द्वारा विभिन्न रणनीतिक तरीकों से एंड्रॉयड फोन्स पर इसके एप स्टोर का एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है।

अदालत के इस फैसले के खिलाफ गूगल ने अपील की है। गौरतलब है कि इससे पहले अगस्त में ही एक अन्य मामले में भी गूगल को झटका लगा था।



जब एक अन्य जज ने भी ये माना था कि गूगल एकाधिकार स्थापित कर रही है।

गूगल को वर्जीनिया में भी ऑनलाइन विज्ञापन मामले में एक विश्वास विरोधी मामले का सामना करना पड़ रहा है।

एपिक गेम्स वाले मामले में अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि गूगल को अगले तीन वर्षों तक उन गतिविधियों से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

जो प्रतिस्पर्धा विरोधी हों। इन प्रतिबंधों के तहत गूगल को अपने राजस्व को भी प्रतिद्वंदी के साथ साझा करना होगा।

जज ने तीन सदस्यों की सदस्यता वाली एक समिति बनाने का भी आदेश दिया है। जो आदेश को लागू होने पर अपनी नजर रखेगी।

# 13 अक्टूबर को शिव शक्ति धाम डासना में होगी महापंचायत, यूपी गेट पर प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## देहात जोन में कई जगह आयोजित की गई पीस कमेटी की बैठक, तो सिटी जोन में डीसीपी ने पुलिस बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** डासना के महंत यति महाराज का मामला शांत नहीं हो रहा है। यति पुलिस हिरासत में हैं या गिरफ्तार इसको लेकर भी लगातार संस्पेंस बना हुआ है। उधर यति महराज की सुरक्षा को लेकर अब हिंदू समाज की सभी 36 बिरादरियों की ओर से सुरक्षा की रूपरेखा तैयार करने के लिए 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शिव शक्ति धाम डासना में एक बड़ी बैठक की है। जिसे महापंचायत के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन को लेकर बड़े स्तर पर रुपरेखा तैयार की जा रही है। उस मामले में शिव शक्ति धाम डासना से जुड़ी डा. उदिता त्यागी ने कहा है कि महापंचायत की रणनीति पूरी तरीके से बना ली गई है। इसमें बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठन और हिंदू समाज की सभी 36 बिरादरियों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान यदि महाराज की सुरक्षा और उनपर जो गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं, उसको लेकर मंत्रणा की जाएगी। वहीं बीते दिनों दिए गए यदि महाराज के विरोधी बयान का मामला शांत नहीं हो रहा है। मंगलवार को वर्ल्ड पीस हार्मनी ग्रुप द्वारा कौशांबी थानाक्षेत्र अंतर्गत आने वाले इलाके में प्रदर्शन किया गया था और नारेबाजी विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी गई। लोगों को होने वाली असुविधा और बीएस 2023 की धाराओं का उल्लंघन का मामला दर्ज करते हुए कौशांबी थाना पुलिस ने 11 नामदज सहित 60 से 80 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ ट्रांस हिंडन जोन में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सिटी जोन में कई जगह पुलिस और आरआरएफ के साथ निकाला गया फ्लैग मार्च





**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में शांति व्यवस्था स्थापित रहे और किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके मद्देनजर मंगलवार को डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, घंटाघर कोतवाली थाना प्रभारी अनुराग शर्मा और पुलिस बल के साथ ही आरआरएफ की कंपनी के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। कैलाभट्टा पीएसी चौक से लेकर मुख्य स्थानों पर पुलिस की तैनाती रही। इस दौरान लोगों से अपील की है कि वह किसी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। बिना किसी अनुमति के प्रदर्शन और विरोध न दर्ज कराए। वहीं सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की आपत्तिजनक तस्वीरें, वीडियो और बयान नहीं डालें। वहीं लगातार शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस शांति समिति की बैठकर भी कर रही है। इसी कड़ी में एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम और थाना प्रभारी मसूरी अजय कुमार द्वारा कई स्थानों पर अलग-अलग संप्रदाय के प्रमुख लोगों के साथ बैठक की गई और शांति व्यवस्था कायम रखने का निर्देश दिया गया है।

### इन पर दर्ज किया गया है मुकदमा



करंट क्राइम । डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल ने जानकारी दी है कि दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर प्रदर्शन करने वाले सड़क जाम करने वाले और विरोध प्रदर्शन के दौरान आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने का मामला दर्ज किया गया है। जिसमें जाकिर अली सैफी, दिलशाद अहमद सैफी, शकील अंसारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अफजल सैफी, शाइस्ता परवीन, हाजी दानिश सैफी, इकबाल सैफी, इकबाल सैफी लोनी, शमीम सैफी, सरफराज सैफी, इसरार अहमद और 60 से 80 अज्ञात लोगों के खिलाफ यूपी गेट चौराहे पर जाम लगाने, आमजन मानस को परेशानी पहुंचाने और बिना प्रदर्शन की अनुमति के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही इनकी फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के आधार पर अन्य लोगों की पहचान व जांच भी कराई जा रही है।

# 'स्कूल बैग विद एजुकेशनल डेस्क' आधुनिक बैग: मुख्य विकास अधिकारी

## बच्चों का मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर समाज का निर्माण करेगा: महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा









**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए "स्कूल बैग विथ एजूकेशनल डेस्क" वितरण कार्यक्रम का आयोजन दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन गाजियाबाद किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा सभी अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

शिक्षा और स्वास्थ्य को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर बच्चों के लिए कई शैक्षणिक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सांसद डॉ० लक्ष्मीकांत वाजपेई, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (भाजपा) एवं राज्यसभा सांसद के अथक प्रयासों से भारत सरकार की कोल इंडिया लिमिटेड ने इनोवेशन द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र के बच्चों के लिए एक लाभदायक कार्यक्रम की शुरूआत की, जिसके तहत हमारे जनपद के रजापुर और लोनी ब्लॉक के 1500 विद्यार्थियों को "स्कूल बैग विथ एजूकेशनल डेस्क" वितरीत किये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान कुछ विद्यार्थियों को बैग वितरीत किये गये। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व एवं यूनिसेड के सम्मिलित प्रयासों से बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास पर ध्यान दिया गया और इस तरह का विशेष स्कूल बैग विकसित किया जो कि ग्रामीण अंचल में पढ़ रहे बच्चों के लिए यह बैग बहुत ही लाभकारी साबित होगा।

पूर्व महापौर आशु वर्मा द्वारा इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई तथा सांसद राज्यसभा डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने हमारे जनपद के बच्चों को स्कूल बैग विद एजुकेशनल डेस्क उपलब्ध कराए। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि यह बच्चे हमारा कल का समाज है इनका मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य कल के लिए बेहतर समाज का निर्माण करेगा।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, जिला सूचना अधिकारी वाईपी सिंह, कार्यक्रम समन्वयक अनमोल खन्ना, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, राजेश त्यागी, वीरेन्द्र सारस्वत, दयानन्द बंसल, बलप्रीत सिंह, अमित प्रताप, संजय रावत, रामेश्वर त्यागी, पंकज भारद्वाज, मोनिका पंडित, सुशील गौतम, बलप्रीत बख्शी, खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार, कविता चौहान, विश्वजीत सिंह राठी, इश्क लाल जिला समन्वयक रुचि त्यागी, कुणाल मुद्गल, जिला व्यायाम शिक्षक राजकुमार, समस्त संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूनम शर्मा द्वारा किया गया। स्कूल बैग पाकर सभी बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर उनके अभिभावक बहुत खुश हुए।

# मधुबन बापूधाम योजना के स्थल कार्यालय पर जीडीए के अधिकारी रहेंगे मौजूद

## जन समस्याओं के निस्तारण के साथ करेंगे विकास कार्यों की निगरानी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष ने मधुबन बापूधाम योजना के स्थल कार्यालय पर सप्ताह में एक दिन अपर सचिव और अन्य दिवसों में अधिशासी अभियंता/सहायक अभियंता अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर जन समस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुये त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिये। इसी क्रम में मंगलवार को अपर सचिव ने मधुबन बापूधाम में निमार्णाधीन प्राधिकरण के कार्यालय तथा पॉकेट-ए व बी में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ आवंटीगण भी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुये। उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कराया गया। साथ ही फतेहपुर के विधायक विकास गुप्ता द्वारा अपर सचिव के साथ अपने आबंटित भूखण्ड का निरीक्षण किया गया एवं योजना के विकास एवं यातायात की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इसके उपरांत अपर सचिव द्वारा प्राधिकरण कार्यालय का निर्माण वरियता के आधार पर कराये जाने एवं अन्य निमार्णों को गुणवत्तापूर्वक शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। अपर सचिव के साथ अभियंत्रण एवं विद्युत जोन के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंतागण एवं अवर अभियंता अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को स्थल कार्यालय पर अपर सचिव एवं संबंधित अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अन्य स्टाफ उपस्थित रहेंगे। अन्य दिवसों में रोस्टर के अनुसार सहायक अभियंता उक्त योजना से जुड़ी समस्याओं एवं प्रगतिमान कार्यों की निगरानी हेतु उपलब्ध रहेंगे। रोस्टर अधिशासी अभियंता, जोन-6 द्वारा शीघ्र ही जारी किया जायेगा।

### सम्मान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी प्राचीन देवी मंदिर पहुंचे और नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। मंदिर के मुख्य पुजारी गिरिशानंद ने इस अवसर पर पूजा अर्चना कराई और पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चल रही थी पार्टी कार्यालय पर अध्यक्ष और मेयर के साथ पार्षदों की बैठक? सुना है बैठक के बीच में कस दिया नदिया पार के एक ठाकुर मैम्बर ने कटाक्ष? कटाक्ष को सुनकर हो गये भगवा कमांडर नाराज? कराया मैम्बर को संगठन की मर्यादा का एहसास? कहा ये निगम का मुख्यालय नहीं पार्टी का ऑफिस है? जितनी भी क्रान्ति करनी हो, वहीं पर करना आप? कार्यालय पर नहीं होंगे इस तरह के कटाक्ष बर्दाश्त?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो कहोगे मैं जाऊंगा वो शर्त हार? मयंक भैया की तरह अपना सदस्यता का डाटा फेसबुक पर पोस्ट तो करके दिखाये कोई दूसरा शहर सीट का दावेदार? कहने वाले ने कहा उन्होंने बना लिये हैं पूरे सदस्य चार हजार? हम तो पूछना चाहते हैं दो शर्मा से, तीन पंजाबी से और एक बिरादरी वाले वैश्य नेता से कि उन्होंने किया है अभी कितना मामला पार? मुझे पता है मेरे इस सवाल का नहीं देगा कोई भी जवाब? चार हजार सदस्यों का नहीं होगा किसी के पास हिसाब? जब चले दावेदारी में नाम? कहने वाले ने कहा तब किसने की है कितनी सदस्यता इसका भी रखा जाये पूरा ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ की टी कंपनी वैसे तो कराती है दूर-दूर का एहसास? मगर जब मौका कुछ पाने का होता है तो टी-सीरिज के तीनो ठाकुर नजर आते हैं एकसाथ? हमने देखा जब हुई कार्यालय पर मीटिंग? तब तीनों की थी अलग-अलग सिटिंग? मीटिंग होते ही समाप्त, तीनों पहुंच गये मेयर साहब की गाड़ी के पास? डाल दिया तीनों ने गाड़ी के आस-पास डेरा सच्चा सौदा? समझ नहीं आ रहा था हमें आखिर क्या था तीनों के पास मसौदा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हर कोई विधानसभा की टिकट के पकौड़े अपने हिसाब से तल रहा है? सुना है भगवागढ़ के एक प्रमुख ब्राह्मण चेहरे ने हर जगह यह कह दिया है, दावेदारी में नाम मेरा और मेरे अलावा भगवा कमांडर का चल रहा है? सुना है ये ब्राह्मण चेहरे हर जगह कह रहे हैं ये बात? दे रहें हैं संदेश, टिकट तो जाना है किसी पंडित के ही हाथ? सबसे ज्यादा हैं शहर विधानसभा के हमारे वोट? टिकट या तो मेरा होगा, या फिर कमांडर का होगा? इस बात को कर लो आप आज ही अपनी डायरी में नोट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब तो पहलवान और पहलवान के दोस्त गागर में सागर भरने वाले नागर के घर पर पी आये हैं चाय? फिर भी ना जाने क्यों हमें नहीं हो रहा मिस्टर नागर के ठीक इरादों का एहसास? हम देख रहे हैं दो घंटे की मीटिंग के बाद भी मिस्टर नागर रोजाना फेसबुक पर उगल रहे हैं आग? अपनी पोस्ट में वैसे वो नहीं ले रहे हैं किसी का भी नाम? मगर उनके शब्दों का है दो दोस्तों को ही पैगाम? देखते हैं कब तक जारी रहती है मिस्टर नागर की शब्दों वाली जंग? फिलहाल तो वो हो गये हैं संग दिल सनम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो वैसे ही संगठन वालों को देना चाहते हैं एक राय? जब हो पार्टी कार्यालय पर मीटिंग तब सिटिंग की व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाये? पुरूषों के साथ महिला पार्षदों या कार्यकर्ताओं को मिले बराबर का स्थान? हमने देखा जब हो रही थी पार्टी कार्यालय पर पार्षदों की मीटिंग? तब सबसे अंतिम पंक्ति में मौजूद थी एक महिला पार्षद? बाकी उनके आगे बैठे थे सारे श्रीमान? कहने वाले ने कहा ये देखकर हो गई हमारे सीने में जलन? इस जलन को शीतलता तभी मिलेगी जब ठीक से होगा बैठाने वाली व्यवस्था का चलन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हुई पार्टी कार्यालय पर पार्षदों की बैठक समाप्त? तब मीटिंग खत्म होने के बाद बाहर आकर कई मैम्बर चर्चाएं कर रहे थे व्याप्त? कह रहे थे ना सदन में, ना ही पार्टी कार्यालय पर दिया जाता है हमें बोलने का मौका? बस गिने चुने चेहरे ही मारते हैं शब्दों का चौका? जब भी हम बोलना चाहते हैं, हमें दिया जाता है टोक? कभी-कभी तो मीटिंग में शामिल होने पर हमें होता है बहुत ज्यादा अफसोस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक जनप्रतिनिधि इस बात पर कर रहे हैं गर्ग साहब के अति प्रिय दावेदार का जगह-जगह जाकर विरोध? कह रहे हैं कि अगर गर्ग साहब के प्रिय का टिकट हो गया? तो गर्ग साहब की शक्तियां बढ़ जायेंगी अपार? पूरे सिस्टम में उन्हीं का मामला रह जायेगा दमदार? कहने वाले ने कहा अगर ऐसा होता भी है तो इसमें कौन सी है अर्ज की बात? वो पहले ही इतने शक्तिशाली हो चुके हैं? अगर उनका प्रिय विधायक बन जायेगा, तो फिर कौन सा शुरू हो जायेगा वज्रपात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बड़े जनप्रतिनिधि खुलवाना चाहते हैं एक बड़े विधानसभा के दावेदार के लिए एमएलसी वाला रास्ता? वो ऐसा करने के लिए पेश कर रहे हैं अपने तरीके की दास्तां? दे रहे हैं वो पार्टी वालों को तर्क? कह रहे हैं कि जिनको आप फेवर कर रहे हैं उनके अंदाज बहुत ही क्रान्तिकारी है? इसलिए दो-चार महीनों में ही दिखाई देने लगेगा फर्क? कहने वाले ने कहा देखते हैं कितना होगा जनप्रतिनिधि का एमएलसी वाला फार्मुला हिट? जिनके लिए वो ये फार्मुला लेकर आये हैं? सुना है उनका पत्ता फिलहाल किसी से नहीं रहा है पिट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर की पुरानी रामलीला में मां सीता जी की विदाई में पहुंच गए थे जेब कतरे? सुना है बारात मंत्री की ही कट गई जेब? बात जब आई बाहर तो पता चला कि निकल गए हैं पूरे 25 हजार? ये घटना हुई है बीच बाजार? फिलहाल कन्फ्यूजन इस बात को लेकर है कि दर्ज करायी है या नहीं करायी है एफआईआर? मंत्री की जब से कटी है जेब? तब से चर्चा कर रहा है पूरा बाजार?

नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# भाजपा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार को महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा ने विभिन्न कालेज, मुख्य चौराहों और डिग्री कॉलेज में युवाओं को भाजपा सदस्यता अभियान से जोड़ने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम उपस्थित रहे। इस सदस्यता अभियान के दौरान डिग्री कॉलेज में हजारों युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की जनकल्याण नीतियों और विशेष कर देशभर में युवाओं के कल्याण के लिए चलाए जा रहे युवा कल्याण कार्यक्रमों के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर महानगर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन डेढा ने बताया कि जब से पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया है तब से देश के युवाओं में सदस्यता ग्रहण करने के लिए एक विशेष उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम ने युवाओं से यह भी आग्रह किया की देश में एवं प्रदेश में भाजपा की ही सरकार है जो युवाओं के बारे में सोचती है और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। अभियान में प्रमुख रूप से आशुतोष शर्मा, अरुण भड़ाना, बिट्टू त्यागी, परवीन बैसोया, कृष्णा त्यागी, अश्वनी त्यागी, साहिल, सरीन, आकाश उपस्थित रहे।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट: चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये रिश्ता ही कुछ ऐसा है कि इसमें केवल स्नेह प्यार और लगाव नजर आता है। पोते का हैप्पी बर्थडे है तो खुशी दादा के चेहरे पर आ जाती है। अथर्व त्यागी के आठवें जन्मदिन पर उनके दादा जी ने अपने प्रिय लाडले पौत्र को कुछ इस तरह अपने आशीर्वाद शुभाशीष से नवाजा। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।